54 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या- 25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 8.8°c अधिकतम 23.6 °c

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 7:02, सूर्यास्त - 6:04 | वर्ष : 54/ अंक : 40 | मंगलवार, 10 फरवरी 2026 | फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, नवमी | सम्वत 2082 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ : 4

अमृतवाणी

जिंदगी का सबसे खूबसूरत पौधा भरोसा होता है, जो जमीन में नहीं दिल में उगता है।

ये गुंडों का साथ छोड़ दें तो समाजवादी पार्टी आज ही स्वाहा हो जाएगी : केशव प्रसाद मौर्य

ये दोस्ती... अब नहीं.... झेलेंगे.....

सऊदी अरब में पत्नी से वीडियो कॉल करते हुए आत्महत्या

- कानूनी पेचीदगी के चलते फंसा शव का अंतिम संस्कार
- परिजनों ने लगाई सरकार से अड़चन दूर करने की गुहार

मुजफ्फरनगर, 9 फरवरी (बु.)। मुजफ्फरनगर के युवक ने सऊदी अरब में बैठे पत्नी से फोन पर वीडियो कॉल पर बात करते हुए फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। अब उसके शव को लाने की उम्मीद भी परिजन छोड़ चुके हैं। कानूनी पेचीदगी में मामला फंसा होने के कारण शव का अंतिम संस्कार भी नहीं किया जा सका है। परिजन सरकार से गुहार लगा रहे हैं कि कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उसका अंतिम संस्कार वहीं करा दिया जाए।

थाना कोतवाली नगर के मिमलाना रोड मौहम्मद खालिद पुत्र निसारने कहा कि उनका छोटा भाई मौहम्मद साजिद अब से तकरीबन 6 माह पूर्व अपनी जिन्दगी गुजर-बसर करने के लिये सऊदी अरब में अलदुवादिमी शहर में रहकर एक परिवार में गाड़ी चलाने का काम करता था। साजिद ने चार फरवरी को शाम लगभग 7 बजे अपनी पत्नी से फोन पर वीडियो कॉल के जरिये बात करते हुए अपने आपको फांसी लगा ली थी। इसमें उसकी मृत्यु हो गई। तब से साजिद के मृतक शरीर को सऊदी सरकार की तरफ से अलदुवादिमी में एक अस्पताल की मोर्चरी में रखा हुआ है। उसके शव को वापस लाने में तमाम कानूनी अड़चनों के कारण परिवार वाले काफी परेशान हैं। उन्होंने मांग की है कि भारतीय दूतावास व सउदी सरकार की ओर से कानूनी प्रक्रिया जल्द से जल्द पूरी की जाये और मृतक साजिद के शरीर का जल्द से जल्द अन्तिम संस्कार कराया जाए। खालिद का एक भाई आबिद सऊदी में पहले से रह रहा है। घटना के सूचना के बाद वह अलदुवादिमी शहर में पहुंच चुका है और वहीं मौके पर मौजूद है। परिजनों ने मांग की है कि आबिद को विश्वास में लेते हुए जल्द से जल्द अन्तिम संस्कार की प्रकिया पूरी करायी जाये। जिलाधिकारी से अनुरोध किया गया है कि रियाद में भारतीय दूतावास को इस संबंध में सूचना प्रेषित कर साजिद के मृत शरीर का अन्तिम संस्कार कानूनी प्रक्रिया के तहत कराया जा सके।

मजार हटाने को लेकर केजीएमयू में बढ़ी तकरार, चस्पा किया गया दूसरा नोटिस

लखनऊ, 9 फरवरी (एजेंसी)। किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) प्रशासन परिसर में स्थित मजारों को हटाने के लिए 28 फरवरी तक का समय दिया गया है। केजीएमयू प्रशसान की ओर से सोमवार को सभी मजारों पर दूसरा नोटिस चस्पा किया गया। केजीएमयू प्रशासन ने परिसर की पांच मजारों को हटाने के लिए पहली बार 23 जनवरी को नोटिस चस्पा किए थे। केजीएमयू प्रवक्ता प्रो. केके सिंह ने बताया कि इस समय क्वीन मेरी के मुख्य गेट, रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग, माइक्रोबायोलॉजी विभाग, ट्रॉमा सेंटर परिसर, आर्थोपेडिक सुपर स्पेशियलिटी भवन और टीजी हॉस्टल परिसर की अवैध मजार और अतिक्रमण है। निर्माण के लिए न तो इनकी अनुमति है और ना ही कोई आदेश है। इनकी वजह से परिसर में आवागमन बाधित होता है। अतिक्रमण की समस्या भी है। इसलिए केजीएमयू प्रशासन ने अब इन अवैध मजार को हटाने का फैसला किया है। 28 फरवरी के बाद इनको हटाने की प्रक्रिया केजीएमयू प्रशासन अपने स्तर से करेगा।

धार्मिक स्थल में दरिंदगी: दुपट्टे से हाथ-पैर बांध की हैवानियत

चित्रकूट, 9 फरवरी (एजेंसी)। चित्रकूट जिले के राजापुर थाना इलाके एक गांव के धार्मिक स्थल के परिसर में युवती को बंधक बनाकर युवक ने दुष्कर्म किया। युवती को खोजते हुए परिजन धार्मिक स्थल पहुंचे तो युवक भाग गया। परिजनों ने युवती को बंधन मुक्त कराया। घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने आरोपी युवक की बाइक जला दी। गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस व पीएसी तैनात कर दी गई है। देर शाम पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। युवक का पिता कोषागार घोटाले में जेल में बंद है। एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी बेटी (18) शनिवार शाम सात बजे के बाद धार्मिक स्थल में दीपक जलाने गई थी। पहले से ही वहां घात लगाए बैठे एक गांव निवासी ने बेटी को दबोच लिया और दुपट्टे से हाथ व पैर बांध दिए। उसके साथ दुष्कर्म किया।

दो पक्षों में भिड़ंत के बाद फायरिंग से दहल उठा बझेड़ी

- मस्जिद के इमाम को लेकर दो पक्षों के बीच हुआ था संघर्ष
- सीओ के साथ पुलिस मौके पर पहुंची, संदिग्ध हिरासत में

मुजफ्फरनगर, 9 फरवरी (बु.)। बझेड़ी गांव में मस्जिद के इमाम को लेकर दो पक्षों के बीच संघर्ष और फायरिंग से गांव में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले को शांत करते हुए कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को मिल गया है।

बताया गया है कि नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के गांव बझेड़ी में एक मस्जिद के इमाम को लेकर विवाद हुआ। सीओ मंडी राजू कुमार साव ने बताया कि बोड़ी के हाजी मूसा और फूलमियां गुटों के बीच काफी समय से रंजिश चली आ रही है। दोनों के घर भी आमने-सामने ही हैं। सोमवार शाम मस्जिद के इमाम को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हुई। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों गुट आमने-सामने आ गए और गर्मागर्मी हो गई। आरोप है कि इस दौरान फूलमियां पक्ष के लोग आग्नेयास्त्र लेकर आ गए और उन्होंने पांच-छह राउंड फायर की। इससे वहां भगदड़ मच गई। दहशत में लोगों ने जहां-तहां छिपकर अपनी जान बचाई। मामले की सूचना पर नई मंडी पुलिस और खुद सीओ मंडी राजू कुमार साव मौके पर पहुंचे।

सीओ मंडी ने बताया कि मामले में हाजी मूसा पक्ष की ओर से तहरीर देते हुए फूल मियां पक्ष पर फायरिंग करने का आरोप लगाया गया है। फायरिंग में कोई घायल नहीं हुआ है। मामले की सीसी टीवी फुटेज भी पुलिस को उपलब्ध कराई गई है। प्रारंभिक जानकारी के आधार पर कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई है। सीसीटीवी फुटेज और जांच के आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी। दोनों पक्षों को चेतावनी देने के साथ गांव में पुलिस को तैनात किया गया है।

जानसठ के युवक ने मेरठ में की आत्महत्या

सहायक अध्यापिका पत्नी पर लगाया टॉर्चर करने का आरोप

मेरठ/मुजफ्फरनगर, 9 फरवरी (बु.)। मेरठ में सिविल लाइन थाना क्षेत्र के विजयनगर में सहायक शिक्षिका के पति ने मकान की दूसरी मंजिल पर बने कमरे में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक मुजफ्फरनगर जिले के जानसठ का निवासी था। जानसठ के निवासी सहायक शिक्षिका के पति ने आत्महत्या कर ली। शिक्षिका डेढ़ वर्ष के मासूम बेटे को पति के पास छोड़कर बैंक गई थी, तभी पति ने यह खतरनाक कदम उठाया। पुलिस के अनुसार सिविल लाइन थाना क्षेत्र के विजयनगर में योगेश चंद्रा के मकान में रजनीश सैनी (40) पुत्र वेद प्रकाश सैनी अपनी पत्नी बबीता और डेढ़ वर्ष के मासूम केशव के साथ किराए पर रह रहे थे। बबीता आरजी इंटर कॉलेज में सहायक शिक्षिका हैं। सुबह करीब 11 बजे वह बैंक गई थी। घर पर रजनीश अपने बेटे केशव के साथ थे। इसी दौरान रजनीश ने दूसरे तल पर बने स्टोर में जाकर फांसी लगा ली।

जानसठ का है रजनीश, शिक्षिका देवबंद की निवासी

मुजफ्फरनगर। रजनीश का परिवार मुजफ्फरनगर के जानसठ का रहने वाला है जबकि बबीता सहारनपुर के देवबंद की है। रजनीश और बबीता की लगभग 9 साल पहले शादी हुई थी। शादी के बाद ही बबीता की सहायक शिक्षिका के रूप में नौकरी लग गई और पहली पोस्टिंग बुलंदशहर मिली। जुलाई, 2023 में वह ट्रांसफर लेकर मेरठ आ गई। यहां बबीता को आरजी इंटर कॉलेज मिला। रजनीश प्राइवेट नौकरी करते थे, लेकिन फिर बेटे को संभालने की वजह से उन्होंने नौकरी छोड़ दी थी। बबीता इन दिनों चाइल्ड केयर लीव पर है।

सोमवार को होनी थी मकान की रजिस्ट्री

मुजफ्फरनगर। हाल ही में उन्होंने गंगानगर में एक मकान खरीदा है। सोमवार को उसकी रजिस्ट्री होनी थी। वह बैंक पैसे के सिलसिले में गई थी। वहां से बबीता ने पति को फोन मिलाया, लेकिन फोन नहीं उठा तो वह घर लौटी और देखा कि बेटा केशव कमरे में सोफे पर अकेला खेल रहा है। पति रजनीश को आवाज लगाई तो कोई जवाब नहीं मिला। दूसरे तल पर जाकर देखा तो स्टोर अंदर से बंद था। शोर सुनकर पड़ोसी आ गए। दरवाजा तोड़ा तो अंदर रजनीश का शव फंदे के सहारे लटका था। पति को फंदे पर लटका देख बबीता चीख पड़ी। वह जोर-जोर से चिल्लाने लगी के पति को नीचे उतारो, लेकिन पुलिस केस कहकर लोगों ने मना कर दिया। इसके बाद सिविल लाइन थाना पुलिस को सूचित किया गया। कुछ लोगों ने बबीता से रजनीश के परिजनों का नंबर लेकर उन्हें सूचना दे दी।

जानसठ में खबर मिलते ही मचा कोहराम

मुजफ्फरनगर। रजनीश की मौत की सूचना मिलते ही परिवार जानसठ से मेरठ के लिए रवाना हो गया। पिता वेद प्रकाश बिलख-बिलख कर रोने लगे और जमीन पर लेट गए। मां निर्मला भी फूट-फूट कर रोने लगी। बड़े भाई अमित का भी बुरा हाल था। उसके बाद कुछ रिश्तेदार भी आ गए। बेटे की मौत के बाद मौके पर आए परिजनों ने हंगामा कर दिया। उनका आरोप था कि बहू उनके बेटे को टॉर्चर करती थी।

साइबर ठगी के शिकार युवक के 59 हजार कराए वापस

मुजफ्फरनगर, 9 फरवरी (बु.)। जनपद में बढ़ते साइबर अपराधों पर लगाम लगाने के लिए सक्रिय शाहपुर थाना पुलिस की 'साइबर हेल्प डेस्क' को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक पीड़ित के बैंक खाते से उड़े 59 हजार रुपये सकुशल वापस करा दिए हैं। मिली जानकारी के अनुसार, शाहपुर थाना क्षेत्र के गांव सौरम निवासी आदर्श बालियान के साथ अज्ञात साइबर ठगों ने धोखाधड़ी कर उनके बैंक खाते से 59 हजार रुपये निकाल लिए थे। बैंक खाते से रकम कटने का संदेश मिलते ही पीड़ित के होश उड़ गए। आदर्श ने तुरंत इस मामले की शिकायत शाहपुर थाने में स्थापित साइबर हेल्प डेस्क पर दर्ज कराई। शिकायत मिलते ही साइबर हेल्प डेस्क की टीम हरकत में आई। तकनीकी साक्ष्यों और बैंकिंग ट्रांजेक्शन को ट्रैक करते हुए पुलिस ने ठगों द्वारा ट्रांसफर की गई राशि को फ्रीज करा दिया। निरंतर प्रयासों के चलते पीड़ित आदर्श बालियान की सम्पूर्ण धनराशि 59 हजार उनके खाते में वापस आ गई है। अपनी मेहनत की कमाई वापस पाकर पीड़ित ने पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया है। थाना पुलिस ने अपील की है कि यदि किसी के साथ भी इस तरह की साइबर धोखाधड़ी होती है, तो वे तुरंत 1930 पर कॉल करें या नजदीकी साइबर डेस्क पर शिकायत दर्ज कराएं, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

चूहों ने खोखला किया रेलवे ट्रैक, वंदे भारत समेत 11 ट्रेनें हुई प्रभावित

देहरादून, 9 फरवरी (एजेंसी)। ऐथल के पास डासनी में रेलवे ट्रैक की मरम्मत का कार्य होने की वजह से सोमवार को देहरादून से चलने वाली शताब्दी और वंदे भारत एक्सप्रेस समेत करीब 11 ट्रेनें प्रभावित हुईं। करीब चार घंटे तक ट्रैक बंद रहने से यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ी। जानकारी के अनुसार, डासनी में रेलवे ट्रैक के नीचे चूहों ने खोखला कर दिया था। खतरे की आशंका को देखते हुए सोमवार को डीप स्क्रीनिंग की गई। इस दौरान मरम्मतीकरण के साथ ही ट्रैक की गिट्टी को बदला गया। प्रक्रिया में पूरे चार घंटे लगे। इस वजह से देहरादून से आनंद विहार जाने वाली वंदेभारत एक्सप्रेस 2.38 घंटे और नई दिल्ली से देहरादून आने वाली शताब्दी एक्सप्रेस 1.40 घंटे की देरी से गंतव्य पर पहुंची। इसके अलावा रूट की अन्य ट्रेनें भी प्रभावित हुईं। ऐसे में यात्रियों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी। मरम्मत के बाद ट्रैक को शुरू कर दिया गया।



वाराणसी दाल मंडी में व्यापारी ने अपनी दुकान फूंक दी : खुद पर भी पेट्रोल छिड़का

वाराणसी, 9 फरवरी (एजेंसी)। दाल मंडी में प्रशासन ने जर्जर 21 मकानों-दुकानों में से 18 को ढहा दिया। बुलडोजर और हथौड़े से मकानों-दुकानों को तोड़ा गया। इससे पहले एक व्यापारी ने खुद पर पेट्रोल छिड़क लिया। मकान के पहले फ्लोर पर खड़े होकर सुसाइड करने की चेतावनी देने लगा। यह देखकर अधिकारियों के हाथ-पांव फूल गए। अधिकारी उसे समझाने लगे। नाराज व्यापारी ने कहा- हमारा मकान जर्जर नहीं है। प्रशासन बेवकूफ नहीं बना सकता। अगर मकान गिराया तो हमें मुआवजा चाहिए। ये लोग जर्जर बताकर मुआवजा देने से बचना चाहते हैं। यह कहते हुए उसने दुकान में आग लगा दी। इसके बाद पुलिस ने मुश्किल से आग बुझाई। कई अन्य लोगों ने भी बुलडोजर एक्शन का विरोध किया। वे प्रशासन के अधिकारियों से 10 दिन की मोहलत मांगते रहे। तमाम लोग रोते-बिलखते दिखे। इस दौरान हंगामा करने वाले 8 लोगों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। पुलिस उन्हें खींचते हुए ले गई, कुछ लोगों की पिटाई भी की। दाल मंडी में सड़क चौड़ी करने के लिए जर्जर मकानों-दुकानों पर बुलडोजर चल रहा है। दाल मंडी में अब तक की यह एक दिन में सबसे बड़ी कार्रवाई है। दुकानदारों ने रोते हुए अफसरों से पूछा- हमारा गुनाह क्या है? क्या मार डालोंगे हमें? सड़क चौड़ी करनी है, तो लोगों को बर्बाद कर देंगे? सरकार हमें खत्म कर रही है। रोजी-रोटी छीन ली है। प्रशासन ने हमें कोई नोटिस नहीं दिया। इससे पहले 21 जनवरी को एक साथ तोड़े गए 8 मकानों को ध्वस्त किया गया था। नगर निगम ने 31 जनवरी को 23 मकान मालिकों को नोटिस दी थी। सभी मकान 100 साल से ज्यादा पुराने और जर्जर हैं। लेकिन, लोग जान जोखिम में डालकर इनमें रह रहे हैं। एसीपी दशाश्वमेध डॉ. अतुल अंजान ने बताया कि दाल मंडी में चौड़ीकरण के लिए मकानों का ध्वस्तीकरण कराया जा रहा।

सर्राफ की दुकान से अंगूठी उड़ाने वाला शातिर गिरफ्तार, 5 सोने की अंगूठियां बरामद

मुजफ्फरनगर, 9 फरवरी (बु.)। शहर कोतवाली पुलिस ने सर्राफा बाजार में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले एक शातिर चोर को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई सोने की पांचों अंगूठियां बरामद कर ली हैं। बीती 3 जनवरी को मोतीमहल निवासी सर्राफ नवीन कुमार शर्मा ने कोतवाली में तहरीर दी थी। उन्होंने बताया था कि उनकी सर्राफा बाजार स्थित दुकान पर एक युवक जेवरात खरीदने के बहाने आया और नजर बचाकर सोने की 5 अंगूठियां चोरी कर रफूचक्कर हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी।थाना प्रभारी कोतवाली बबलू कुमार वर्मा ने बताया कि पुलिस टीम लगातार संदिग्धों पर नजर रखे हुए थी। सोमवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने चरथावल रोड से घेराबंदी कर आरोपी को दबोच लिया। आरोपी की पहचान, नाहिद हसन, निवासी गांव नगला रियावली, थाना रतनपुरी है। जिसके पास से पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरी की गई शत-प्रतिशत बरामदगी करते हुए 5 सोने की अंगूठियां जब्त की हैं। "पुलिस ने पकड़े गए आरोपी से पूछताछ के बाद उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।"



ब्राह्मण परिवार ने मस्जिद बनवाई: शाही इमाम बोले-देश पंजाब से सीखे

संगरूर, 9 फरवरी (एजेंसी)। गांव पूनेवाल में ब्राह्मण परिवार ने मस्जिद बनवाई, शाही इमाम मौलाना मोहम्मद उस्मान रहमानी लुधियानवी ने उद्घाटन किया। इसके बाद पहली बार नमाज अदा की गई। गांव पूनेवाल में ब्राह्मण परिवार ने मस्जिद बनवाई, शाही इमाम मौलाना मोहम्मद उस्मान रहमानी लुधियानवी ने उद्घाटन किया। इसके बाद पहली बार नमाज अदा की गई। पंजाब के सीएम भगवंत मान के विधानसभा क्षेत्र धूरी में एक ब्राह्मण परिवार ने मस्जिद बनवाई। दो भाइयों ने मस्जिद के लिए 5 मरला जमीन दान दी। इसके साथ ही उन्होंने खुद और गांव से चंदा जोड़कर इमारत बनवाई, जिसमें दो कमरे और एक बरामदा है। उन्होंने कहा कि गांव में करीब 2500 लोग रहते हैं, इसमें करीब 30 मुस्लिम परिवार हैं। मस्जिद न होने के कारण इन परिवारों को नमाज अदा करने के लिए दूसरे गांव जाना पड़ता था। उनकी इस परेशानी को देखते हुए जमीन दान की गई और सभी के सहयोग से मस्जिद का निर्माण कराया गया। धूरी तहसील के गांव पूनेवाल में बनी मस्जिद का 8 फरवरी को शाही इमाम मौलाना मोहम्मद उस्मान रहमानी लुधियानवी ने उद्घाटन किया। इस मौके पर हिंदू और मुस्लिम परिवारों ने शाही इमाम का स्वागत किया।

बादलों ने फिर दिखाया ठंड का रूप

मुजफ्फरनगर, 9 फरवरी (बु.)। जाती-जाती ठंड नए रूप दिखा रही है। कई दिन कड़क धूप के बाद सोमवार को मौसम फिर बदल गया। सुबह से ही आसमान पर बादल छाने से ठंड का अहसास बढ़ गया। आज हवा गायब रही और तापमान अधिकतम 23.6 और न्यूनतम 8.8 डिग्री पर रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने पहाड़ों पर बर्फबारी के साथ बारिश की चेतावनी जारी की है। मैदानी इलाकों में कोहरा छाया रह सकता है। बढ़ते तापमान के बीच सोमवार को मौसम ने अचानक करवट ली। सुबह से ही आसमान में बादलों की आवाजाही बनी रही, जिसके चलते दिनभर धूप का असर कम रहा और लोगों को सुबह-शाम हल्की ठंडक का अहसास हुआ। कई दिन से चल रही हवा आज गायब रही। सुबह से ही बादलों की आवाजाही के बीच धूप काफी धीमी रही। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, यह बदलाव पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के कारण आया है, जो उत्तर भारत के मौसम को प्रभावित कर रहा है। आसमान में कभी बादल छाए रहेंगे तो कभी हल्की धूप निकलेगी। बादलों की मौजूदगी के कारण दिन में गर्मी का अहसास कम हुआ और सुबह-शाम हल्की ठंडक बनी रही। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि अगले कुछ दिनों तक मौसम में इसी तरह का बदलाव बना रह सकता है। हालांकि, तापमान में बहुत अधिक गिरावट की उम्मीद नहीं है, लेकिन बादलों की आवाजाही से लोगों को भीषण गर्मी से कुछ हद तक राहत मिलने की संभावना है। 10 फरवरी तक मौसम और भी खराब हो सकता है, क्योंकि मौसम विभाग ने ऊंचे इलाकों में गरज, बिजली और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना जताई है। हल्की ठंडक फसलों के लिए फायदेमंद हो सकती है, लेकिन अत्यधिक बादल या बारिश नुकसानदेह भी साबित हो सकती है।

महाकाल में शिव विवाह से पहले 'हल्दी खेला' पर आपत्ति

उज्जैन, 9 फरवरी (एजेंसी)। उज्जैन के महाकाल मंदिर परिसर में महिलाओं द्वारा एक-दूसरे को हल्दी लगाकर नाच-गाने को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। मंदिर के पुजारियों ने इसे सनातन परंपरा के विपरीत बताते हुए इस पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। महाशिवरात्रि से पहले मनाए जा रहे महा शिवनवरात्रि के दौरान महिलाएं नाच-गा रही हैं। मान्यता है कि महाशिवरात्रि पर भगवान महाकाल को दूल्हा बनाने से पहले शिवनवरात्रि के नौ दिनों तक हर दिन विशेष शृंगार किया जाता है। इस दौरान सुबह मंदिर परिसर में कोटेश्वर भगवान का पूजन-अर्चन होता है। पूजन के बाद रोजाना दर्शन के लिए आने वाली करीब 50 से 100 महिलाएं भगवान शिव के विवाह का उत्सव मनाती हैं। भजन मंडली के साथ नाच-गाना करते हुए एक-दूसरे को हल्दी लगाती हैं। महाकाल मंदिर के पुजारी महेश शर्मा ने इस पर आपत्ति जताते हुए कहा कि शिव नवरात्रि में केवल पूजा, आराधना और संकल्प की परंपरा है। यह पंचमी से शुरू होता है। इसे भगवान के प्राकट्य दिवस के रूप में मनाया जाता है। आजकल लोग इसे शिव विवाह के रूप में मानते हैं। इसे मजाक के रूप में हल्दी लगाने और खेलने के रूप में ले लिया गया। जबकि शिव पुराण और अन्य शास्त्रों में शिवरात्रि पर शिव विवाह और इस प्रकार मनाने का जिक्र नहीं है। हल्दी खेलना सनातन परंपरा के विपरीत है। हल्दी लगाने की परंपरा भी घातक न हो जाए। इसलिए मंदिर समिति से इस पर समय रहते प्रतिबंध लगाने की मांग की है।

मोहम्मद दीपक को जान से मारने की धमकी, इनाम घोषित

कोटद्वार, 9 फरवरी (एजेंसी)। कोटद्वार में दुकान का नाम बदलने को लेकर हुए विवाद के बीच चचाओं में आए मोहम्मद दीपक को सोशल मीडिया पर जान से मारने की धमकी मिली है। साथ ही दो लाख रुपये का इनाम रखा गया है। दीपक कुमार की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्रथम दृष्टया आरोपी की पहचान राजा उत्कर्ष, निवासी मोतिहारी, बिहार के रूप में हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मिया-मुस्लिम और लव जिहाद जैसे शब्दों पर रोक की मांग

नई दिल्ली, 9 फरवरी (एजेंसी)। एक समूह ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है, जिसमें असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और अन्य संवैधानिक पदाधिकारियों द्वारा दिए जा रहे भाषणों को संविधान के अनुरूप नहीं और अपमानजनक बताया गया है। याचिकाकर्ताओं ने इस मामले में अनुच्छेद 32 के तहत कोर्ट से दिशा-निर्देश जारी करने का अनुरोध किया है। याचिका में उल्लेख किया गया है कि सीएम सरमा ने हाल ही में 'मिया मुसलमान' समुदाय के खिलाफ टिप्पणियां कीं। इसके अलावा, उन्होंने कुछ समुदाय के नागरिकों को सब्जियों की कीमत बढ़ाने, लव जिहाद और फ्लड जिहाद जैसी घटनाओं के लिए जिम्मेदार ठहराया और यहां तक कहा कि चुनावी मतदाता सूची से 4-5 लाख लोगों को हटाना चाहते हैं। याचिकाकर्ताओं ने कहा कि केवल असम ही नहीं, बल्कि अन्य राज्यों के उच्च पदाधिकारियों द्वारा दिए गए भाषण भी संवैधानिक नैतिकता के खिलाफ हैं। उदाहरण के तौर पर, उत्तराखंड सीएम लैंड जिहाद और लव जिहाद की बातें करते हैं, जबकि उत्तर प्रदेश सीएम उर्दू भाषा समर्थकों के लिए अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल करते हैं।

मुर्गे लड़ाकर हो रहा था सट्टा, पुलिस को देख मची भगदड़

सट्टेबाज फरार, ग्यारह मोटरसाइकिलें, एक ई-रिक्शा बरामद

मुजफ्फरनगर/तितावी, 9 फरवरी (बु.)। जिले में कबूतर बाजी के बाद अब मुर्गे लड़ाकर सट्टे बाजी का मामला सामने आया है। तितावी पुलिस ने क्षेत्र में मुर्गों की लड़ाई पर दांव लगा रहे जुआरियों के ठिकाने पर छापेमारी की तो वहां भगदड़ मच गई। सट्टेबाज अपने वाहन छोड़कर खेतों के रास्ते फरार होने में कामयाब रहे। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में वाहन बरामद कर उन्हें सीज कर दिया है। ये पूरी कार्रवाई मुखबिर की सूचना पर की गई। सोमवार को तितावी पुलिस को पुख्ता सूचना मिली थी कि अलीपुर खुर्द मार्ग पर स्थित एक मैदान में बड़े स्तर पर मुर्गों की लड़ाई का आयोजन किया जा रहा है, जिस पर लाखों का सट्टा लगाया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने घेराबंदी कर मौके पर धावा बोल दिया। पुलिस को देखते ही सट्टेबाजों में भगदड़ मच गई। अपराधी अपने वाहनों की परवाह किए बिना पास के खेतों में घुस गए और भाग निकले। तलाशी के दौरान पुलिस ने मौके से 11 मोटरसाइकिलें, 1 ई-रिक्शा बरामद किया। पुलिस सभी वाहनों को थाने ले आई और कानूनी औपचारिकताएं पूरी करते हुए उन्हें सीज कर दिया गया है। थाना प्रभारी पवन कुमार ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अवैध सट्टेबाजी या जुआ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। फिलहाल पुलिस जब्त वाहनों के नंबरों के आधार पर उनके मालिकों का विवरण खंगाल रही है ताकि आरोपियों तक पहुंचा जा सके। अज्ञात आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। फरार युवकों की पहचान के लिए स्थानीय स्तर पर जांच की जा रही है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

ट्रेन की चपेट में आकर वृद्धा की मौत

खतौली, 9 फरवरी (बु.)। सोमवार की सुबह रेलवे लाइन पर हुए दर्दनाक हादसे में एक वृद्ध महिला की ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह नगर क्षेत्र में डीएफसीसी रेलवे लाइन के पिलर संख्या 986/3 के निकट हुए दर्दनाक हादसे में एक वृद्धा की मालगाड़ी की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गयी। दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतका की शिनाख्त का प्रयास किया। पुलिस के अनुसार मृतका के दाहिने हाथ पर ओम अंकित है, वहीं मृतका नीले रंग की साड़ी व काले रंग की जर्सी पहने हुए है। पुलिस द्वारा पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज गया।

चांदी 8 हजार बढ़कर 2.53 लाख किलो पर पहुंची : सोना 2,798 महंगा हुआ

नई दिल्ली, 9 फरवरी (एजेंसी)। सोना-चांदी के दाम में आज यानी 9 फरवरी को बढ़त है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 2,798 रुपए बढ़कर 1,54,876 रुपए हो गया है। इससे पहले से 1,52,078 रुपए पर था। चांदी 8,736 रुपए बढ़कर 2,53,665 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई है। इससे पहले ये 2,44,929 रुपए पर थी। सराफा बाजार में सोने ने 29 जनवरी को 1,76,121 और चांदी ने 3,85,933 रुपए का हाई बनाया था। पिछले तीन कारोबारी सत्रों में सोने-चांदी की कीमतों में तेज गिरावट आई थी। इस दौरान सोना करीब 15% तक सस्ता हो गया था। अब कीमतें स्थिर होते ही निवेशकों ने निचले स्तर पर खरीदारी शुरू कर दी है। हालांकि, जानकारों का कहना है कि अभी सोने-चांदी में एकमुश्त पैसा लगाने से बचना चाहिए। इसकी जगह धीरे-धीरे निवेश करना ज्यादा फायदेमंद होगा। 2025 में सोना 57 हजार रुपए (75%) बढ़ा है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपए का था, जो 31 दिसंबर 2025 को 1,33,195 रुपए हो गया। चांदी इस दौरान 1.44 लाख रुपए (167%) बढ़ी। 31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी 86,017 रुपए की थी, जो साल के आखिरी दिन 2,30,420 रुपए प्रति किलो हो गई।

नुमाइश कैंप में 'अंकिता क्लोज इट बुटीक' का भव्य शुभारंभ

मुजफ्फरनगर, 09 फरवरी (बु.)। नगर की महिलाओं को अब डिजाइनर परिधानों के लिए दिल्ली जैसे बड़े शहरों की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। मेरठ रोड स्थित नुमाइश कैंप में 'अंकिता क्लोज इट बुटीक' का भव्य शुभारंभ हो गया है। बुटीक का उद्घाटन बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ, पूजा दुआ व नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ व पूजा दुआ ने बुटीक संचालक अनीता खेड़ा को इस शानदार शुरूआत की शुभकामनाएं दी और कहा कि स्थानीय स्तर पर ऐसे बुटीक खुलने से महिलाओं को नवीनतम फैशन और गुणवत्तापूर्ण परिधान सुलभता से मिल सकेंगे। पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने बुटीक संचालिका को शुभकामनाएं देते हुए महिलाओं के लिए अच्छी डिजाइनर ड्रेसेस का प्वाइंट बताया। बुटीक संचालिका अनीता खेड़ा ने बताया कि उनके बुटीक की विशेषता यह है कि यहाँ, सिल्क, नेट, शिफॉन और क्रीप जैसे बेहतरीन कपड़ों पर आधुनिक डिजाइनिंग की जाएगी। दिल्ली जैसे महानगरों की तर्ज पर आकर्षक और ट्रेंडी ड्रेसेस अब मुजफ्फरनगर के नुमाइश कैंप में ही तैयार की जाएंगी। ग्राहकों की पसंद और आधुनिक फैशन को ध्यान में रखकर हर ड्रेस को खास लुक दिया जाएगा। शुभारंभ के अवसर पर शहर के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे, जिनमें मुख्य रूप से, विनोद खेड़ा, नरेंद्र खेड़ा, डॉक्टर विजय टंडन, कुलभूषण बजाज, अशोक डुमरा, अनिल खेड़ा, सतीश कुकरेजा (सभासद), प्रवीण खेड़ा, संजय खेड़ा, सरोज वाला खेड़ा, वीणा खेड़ा, प्रीति कुकरेजा, पलक बाटला, डिंपल मदान, दीपा खेड़ा, मीनू खेड़ा, तनु, नितिन, श्रेय और आदित्य आदि शामिल रहे।

बड़े ने की छोटे भाई की हत्या: पत्थर मार-मारकर आंखें निकाल दीं बाहर

आगरा, 9 फरवरी (एजेंसी)। आगरा के नगला छिद्दा में बड़े भाई ने छोटे भाई की बेरहमी से हत्या कर दी। अगले दिन परिजनों के पहुंचने पर घटना की जानकारी हुई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। आरोपी भाई को हिरासत में ले लिया। थाना हरीपर्वत क्षेत्र के लंगड़े की चौकी स्थित नगला छिद्दा में 20 वर्षीय अजय परिवार के साथ रहता था। तीन भाइयों में अजय दूसरे नंबर का था। रविवार को परिवार के अन्य सदस्य शादी समारोह में गए हुए थे। घर पर तीनों भाई थे। बड़ा भाई 26 वर्षीय पवन नशे का आदी है। नशे में उसका रविवार रात अजय से विवाद हो गया। इस पर पवन ने पत्थर से अजय पर हमला बोल दिया। पत्थर मार-मारकर छोटे भाई की हत्या कर दी। घटना के बारे में किसी को जानकारी नहीं दी।

सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 09 फरवरी, (बु.)।
मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहेः-

सोना-	160200	चांदी-	270000
सिक्का-	2740	गिन्नी-	118590

आपका आज का राशिफल

मंगलवार, 10 फरवरी, 2025

मेष- ग्रहयोग बेहतर, आर्थिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त, मित्रों-परिजनों के माध्यम से बकाए धन की प्राप्ति, मंगल आयोजन सम्पादित परिवार में उल्लास का वातावरण।
वृषभ- दिनचर्या व्यवस्थित, आपसी गलतफहमी दूर, वैवाहिक अड़चनें समाप्त, कार्य क्षमता में वृद्धि, व्यावसायिक सफलता का मार्ग प्रशस्त, परिवर्तन का कार्यक्रम।
मिथुन- वैचारिक अस्थिरता, स्वयं की प्रतिभा का उपयोग करने से वंचित, दूसरों की सलाह अमान्य, दाम्पत्य जीवन असंतोषजनक, सुख-सुविधा का अभाव।
कर्क- लाभ का सुअवसर, आपसी सम्बन्धों में मधुरता, आपके स्तर को बनाये रखने के लिए व्यय, मनो-विनोद के साधन सुलभ, उत्तरदायित्व की पूर्ति का प्रयास।
सिंह- कार्यसिद्धि का प्रयास सार्थक, कठिनाइयों का समापन, पठन-पाठन में अभिरुचि, परिवार में सुख-शांति का मार्ग प्रशस्त, किसी नवीन योजना की शुरूआत।
कन्या- नव उत्तरदायित्व की पूर्ति, आर्थिक पक्ष से सफलता, शत्रु परास्त, दर्शनीय स्थलों की यात्रा का प्रसंग, सुख के साधन उपलब्ध, आत्मिक शांति की अनुभूति, यात्रा भी।
तुला- आत्मविश्वास में कमी, व्यावसायिक असफलता, परिवार आपसी कलह, स्वजनों से अनबन, धन की क्षति, उत्तरदायित्व की पूर्ति में अड़चने, यात्रा में परेशानी सम्भव।
वृश्चिक- दिन बेहतर, उलझनों में कमी, नौकरी में पदोन्नति, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, मान-सम्मान में वृद्धि, नवसम्पर्क लाभ, खुशी।
धनु- निराशा का समापन, प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता, सुख के साधन सुलभ, धार्मिक गतिविधियों की ओर अभिरुचि, दूसरों के आश्वासनों से राहत, नव समाचार की प्राप्ति।
मकर- अभीष्ट कार्यों में सफलता का सुयोग, पारिवारिक हर्षोल्लास का वातावरण, सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि, इच्छा शक्ति जागृत, विवाद का समापन, खुशी भी।
कुम्भ- प्रियजनों-मित्रों से अनबन, वैवाहिक जीवन में आपसी मतभेद, व्यक्तिगत समस्याएं, ताल-मेल का अभाव, सुख के साधन में कमी, पठन-पाठन में अरुचि।
मीन- व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, परिजनों से अपेक्षित सहयोग, आपसी सौहार्द, कर्ज की निवृत्ति का प्रयास, स्वयं का निर्णय लाभप्रद, शत्रु परास्त, प्रसन्नता भी।

संस्थापक सम्पादक
एवं
हमारे प्रेरणास्रोत्र
स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

विशेष प्रार्थना सभा में खेल दिवस एवं शैक्षिक गतिविधियों के विजेता विद्यार्थियों का सम्मान

मुजफ्फरनगर, 09 फरवरी (बुस.)। जी.डी. गोयनका पब्लिक स्कूल में आज प्रातःकालीन विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शनिवार को आयोजित खेल दिवस के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों ने ऊँची कूद, लंबी कूद, 100 मीटर दौड़, रिले दौड़ सहित अनेक खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। इसके उपरांत विद्यालय में ट्राई-फ्राई बॉक्स का आयोजन किया गया। इस गतिविधि के माध्यम से विद्यार्थियों ने विज्ञान एवं गणित से जुड़े प्रयोगात्मक कार्यों में सहभागिता कर अपनी तार्किक सोच, रचनात्मकता और समस्या-समाधान क्षमता का परिचय दिया। इसके अतिरिक्त विद्यालय मे अबेकस गतिविधि भी आयोजित की गई, जिससे विद्यार्थियों की मानसिक गणना क्षमता, एकाग्रता और त्वरित निर्णय क्षमता को सुदृढ़ किया गया। कार्यक्रम विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. स्वाति शर्मा के सरंक्षण व कुशल मार्गदर्शन तथा उपप्रधानाचार्या अंजलि आनंद के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह आयोजन विद्यालय की उस शैक्षिक दृष्टि को प्रतिबिंबित करता है, जिसमें शिक्षा के साथ खेल एवं नवाचार को समान महत्व देकर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता दी जाती है।

मंदिर की पटिया टूटने से तीन मासूम बच्चियों की मौत

मुरैना, 9 फरवरी (एजेंसी)। मुरैना जिले के अहरौली गांव में शनिवार को एक दर्दनाक हादसे में तीन मासूम बच्चियों की मौके पर ही मौत हो गई। गांव के मंदिर में प्रसाद चढ़ाने के दौरान अचानक मंदिर की पटिया टूटकर गिर गई, जिसकी चपेट में आकर बच्चियों की जान चली गई। हादसे के समय मंदिर के ऊपर निर्माण कार्य चल रहा था। बताया जा रहा है कि उसी दौरान पटिया कमजोर होकर भरभराकर गिर पड़ी। घटना में चार महिलाएं और कुछ अन्य बच्चियां भी गंभीर रूप से घायल हो गईं, जिन्हें तत्काल उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा गया है। बताया जा रहा है कि गांव में ही रहने वाले सतीश गौड़ अपनी पत्नी पृथ्वी के साथ मंदिर में प्रसाद चढ़ाने पहुंचे थे। प्रसाद देने के लिए उन्होंने कुछ बच्चियों को मंदिर के भीतर बुला लिया। इसी दौरान मंदिर की पुरानी छत की पटिया अचानक गिर गई, जिससे नीचे बैठी बच्चियां मलबे में दब गईं। इस हादसे में वैष्णवी सिकरवार, छाया गोस्वामी और करिश्मा गोस्वामी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का इलाज अस्पताल में जारी है।

ग्रेन चैम्बर पब्लिक स्कूल में भव्य क्रिकेट मैच का आयोजन

मुजफ्फरनगर, 09 फरवरी (बुस.)। ग्रेन चैम्बर पब्लिक स्कूल में सोमवार को इंटर हाउस क्रिकेट टूर्नामेंट बड़े हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ, जिसमें विद्यालय के डायरेक्टर डॉ. एम.के. गुप्ता, प्रधानाचार्य आजाद वीर, कोर्डिनेटर आशीष कुमार त्यागी एवं ग्रेन चैंबर पब्लिक स्कूल क्रिकेट एके-डमी के डायरेक्टर मयंक शर्मा उपस्थित रहे। यह टूर्नामेंट भाभा हाउस वॉरियर्स, बोस हाउस वॉरियर्स, कलाम हाउस वारियर्स व रमन हाउस वॉरियर्स के बीच खेला गया, जिसमें भाग लेने वाले सभी छात्रों ने अपनी-अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। भाभा हाउस वारियर्स ने कलाम हाउस वॉरियर्स को हराकर इंटर हाउस क्रिकेट ट्रॉफी पर अपना कब्जा जमाया। क्रिकेट मैच में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य आजाद वीर ने अपने उद्बोधन में कहा कि खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि हमें अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास भी सिखाता है। आप सभी से अपेक्षा है कि आप खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लें और एक-दूसरे का सम्मान करें। जीत और हार जीवन के दो पहलू हैं, इसलिए दोनों को समान भाव से स्वीकार करें। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप सभी आगे भी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन तथा विद्यालय का नाम रोशन करेंगे। जूनियर विंग की हेड मिस्ट्रेस ममता चौहान ने इस इंटर हाउस टूर्नामेंट में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों एवं विजेता टीम को अपनी शुभकामनाएं दी। इस मैच को सफल बनाने में विद्यालय के पी.टी.आई- शीलू कुमार, नैना कुच्छल, इशिका कौशिक, अंपायर- रुद्रांश शर्मा, माधव अग्रवाल, स्कोरर- लक्ष्य धीमान, लोकेश यादव, कमेंट्री करने में भावेश तेजियान और अभिषेक पाल का योगदान सराहनीय रहा। राष्ट्रीय गान के साथ इस मैच का समापन हुआ।

केंद्रीय बजट 2026 पर की चर्चा

बुढ़ाना/मुजफ्फरनगर, 09 फरवरी (बुस.)। सोमवार को बड़ौत रोड स्थित कारण फार्म हाउस में केंद्रीय बजट को लेकर बुढ़ाना विधानसभा चौपाल का आयोजन पूर्व विधायक उमेश मलिक के नेतृत्व में किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता रूपेंद्र सैनी, पूर्व जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र तायल, वरिष्ठ भाजपा नेता रहे। बजट को लेकर विधानसभा चौपाल में विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान कार्यक्रम संयोजक ब्रजपाल सहरावत, सह संयोजक सुधीर सैनी, विनोद सैनी भूमि विकास बैंक चेयरमैन, प्रमोद कश्यप जिला पंचायत सदस्य, मोनू मलिक जिला उपाध्यक्ष भाजयुमो, मण्डल अध्यक्ष मोनू कुरथल, सहदेव बालियान, तेलूराम कश्यप, पवन वर्मा, संदीप बालियान, डॉ. कुलदीप त्यागी प्रधान, बुढ़ाना से वार्ड मेम्बर मुकेश शर्मा आदि सम्मानित कार्यकर्ता एवं पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

सिल्वर ओक पब्लिक स्कूल में अभिभावक कार्यशाला का सफल आयोजन

- नवाचार और सकारात्मक पेरेंटिंग से संवरेगा बच्चों का भविष्य

मुजफ्फरनगर/पीनना, 9 फरवरी (बु.)। शामली रोड़ स्थित ग्राम पिन्ना के सिल्वर ऑक पब्लिक स्कूल में सोमवार को नवाचार की ओर समर्थ बच्चे, उज्ज्वल भविष्य विषय पर एक भव्य अभिभावक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों के सर्वांगीण विकास, आधुनिक शिक्षण पद्धतियों और सकारात्मक पेरेंटिंग पर विशेषज्ञों ने विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यशाला में मुख्य अतिथि डॉ. गीतांजलि वर्मा, डॉ. विवेक कुमार और कर्नल संजय कुमार ने शिरकत की। उन्होंने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए घर और स्कूल के बीच बेहतर समन्वय होना आवश्यक है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सुघोष आर्य (आर्य एकेडमी), नीरज बालियान (हेरिटेज पब्लिक स्कूल) एवं दुष्यंत त्यागी (न्यू वेल्किन पब्लिक स्कूल) ने भी अपने विचार साझा किए। डिजिटल तकनीक और खेल-खेल में शिक्षा कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा। लीड ग्रुप से आएं अक्षय मित्तल ने विद्यालय में संचालित लीड सिस्टम की बारीकियों को समझाया। विकास राणा और प्रिया त्यागी ने नर्सरी से कक्षा दूसरी तक के बच्चों को खेल-खेल में डिजिटल तकनीक के माध्यम से शिक्षा देने की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया। शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक सरोकार को निभाते हुए विद्यालय परिसर में दो महत्वपूर्ण शिविर लगाए गए। इस दौरान शारदा हॉस्पिटल, ग्रेटर नोएडा के सहयोग से अभिभावकों और बच्चों की निःशुल्क जाँच की गई। सूर्योदय जनकल्याण समिति द्वारा आयोजित इस शिविर में लोगों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में चौहान सर, रेनू शर्मा, अर्जुन सर, सतेंद्र सर और समस्त स्टाफ का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय के प्रबंधक संदीप कुमार मलिक और प्रधानाचार्या डॉली चौधरी ने सभी अतिथियों, अभिभावकों और सहयोगियों का हृदय से आभार व्यक्त किया।

न्यू होराइजन स्कूल के बच्चों ने बढ़ाया जनपद का गौरव

- 35वीं राष्ट्रीय स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में दिखाया दमखम

मुजफ्फरनगर, 09 फरवरी (बु.)। हरियाणा के कुरुक्षेत्र में बीते दिनों 31 जनवरी से 4 फरवरी तक आयोजित होने वाली 35वीं बालक एवं बालिका राष्ट्रीय स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में इस बार उत्तर प्रदेश की खो-खो टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए न्यू होराइजन स्कूल मुजफ्फरनगर के छात्र वरदान बालक वर्ग कक्षा 8 एवं छात्रा अपेक्षा बालिका वर्ग, कक्षा 7 ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय, जनपद एवं उत्तर प्रदेश का नाम रोशन किया। खेल मैदान में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच उत्तर प्रदेश की बालक टीम ने कांस्य पदक (तृतीय स्थान) प्राप्त किया, जबकि बालिका टीम ने बेस्ट 8 में स्थान बनाते हुए सातवाँ स्थान हासिल किया। उक्त दोनों खिलाड़ियों ने ऑल राउंडर के रूप में अपने कौशल, अनुशासन एवं समर्पण से टीम की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया। सोमवार को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के उपलक्ष्य में विद्यालय परिसर में इस सफलता के लिए स्कूल प्रांगण में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें दोनों खिलाड़ियों को इस दौरान अभिभावकों के साथ आमंत्रित करते हुए सम्मानित किया गया। इसके साथ ही विद्यालय के खो-खो प्रशिक्षक (कोच) आनंद मलियन को भी उनके कुशल मार्गदर्शन, अथक परिश्रम एवं समर्पित प्रशिक्षण के लिए स्कूल प्रबंधन द्वारा सम्मानित कर हार्दिक शुभकामनाएँ दी गईं। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्या मीनाक्षी मित्तल ने कहा कि हरियाणा में हुई प्रतियोगिता में विद्यार्थियों की यह उपलब्धि अनुशासन, निरंतर अभ्यास और आत्मविश्वास का परिणाम है। इसमें कोच एवं अभिभावकों का योगदान भी अत्यंत सराहनीय है। इसके साथ विद्यालय परिवार ने सभी को इस उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

अध्यापक पर नाबालिग छात्राओं के साथ अश्लील हरकत करने का आरोप

भोपा, 09 फरवरी (बु.)। भोपा थाना क्षेत्र के एक गांव में शिक्षा के मंदिर में दो नाबालिग छात्राओं के साथ विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा अश्लील हरकतें करने का आरोप है। बदहवास हालत में घर पहुंची दोनों छात्राओं ने अपने परिजनों को मामले की जानकारी दी। मामला दो संप्रदाय से जुड़ा होने के कारण तनाव की स्थिति है। नाबालिग की मां ने थाने में तहरीर देकर आरोपी अध्यापक के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की है। भोपा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी गैर-संप्रदाय की महिला ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि उसकी पुत्री गांव के ही प्राथमिक विद्यालय में कक्षा पांच और उसकी सहेली कक्षा चार की छात्रा है। आरोप है कि सोमवार दोपहर विद्यालय की छुट्टी के बाद सभी बच्चे अपने घर लौट रहे थे, तभी विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने उसकी पुत्री और उसकी सहेली को अपने पास बुला लिया। महिला ने बताया कि आरोपी प्रधानाध्यापक ने शराब के नशे में दोनों छात्राओं का हाथ पकड़कर उनके साथ अश्लील हरकतें करनी शुरू कर दी, जिस पर छात्राओं ने चिल्लाना शुरू कर दिया, जिसके बाद आरोपी ने उन्हें धमका कर चुप करने का प्रयास करते हुए पैसों का लालच देकर शराब ठेके के पास जंगल में मिलने के लिए कहा और किसी से भी इस बारे में बताने से मना किया। आरोपी प्रधानाध्यापक के कब्जे से छूटकर दोनों छात्राएं बदहवास हालत में अपने घर पहुंची और अपने परिजनों को घटना की जानकारी दी, जिसके बाद मामले को लेकर सांप्रदायिक तनाव फैल गया। छात्राओं को लेकर दर्जनों ग्रामीण थाने पर पहुंचे जहां भी दोनों पक्षों के बीच जमकर गर्मागर्म बहस हुई, जिसके बाद नाबालिग की मां ने तहरीर देकर अध्यापक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

अतिक्रमण को तुरंत ढहा दिया गया

चरथावल, 09 फरवरी (बु.)। चरथावल क्षेत्र के सैद नगला गांव में सार्वजनिक तालाब की भूमि पर अवैध कब्जे का प्रयास किया गया। कुछ लोगों द्वारा तालाब की जमीन पर मिट्टी डालकर मकान बनाने की कोशिश की जा रही थी। ग्राम प्रधान की शिकायत के बाद प्रशासन ने इस पर तत्काल कार्रवाई की। शिकायत मिलने पर प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए कानूनगो हितकर और लेखपाल प्रवीण कुमार गुप्ता को मौके पर भेजा। अधिकारियों ने स्थिति का निरीक्षण किया और राजस्व अभिलेखों की जांच की। जांच में पुष्टि हुई कि यह भूमि तालाब की है और उस पर किया जा रहा निर्माण अवैध था। प्रशासन की देखरेख में मौके से अवैध रूप से डाली गई मिट्टी को हटवाया गया और अतिक्रमण को तुरंत ढहा दिया गया। अधिकारियों ने संबंधित व्यक्तियों को कड़ी चेतावनी दी कि भविष्य में ऐसा कोई भी प्रयास करने पर उनके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने यह भी दोहराया कि सरकारी भूमि, तालाब, नाले और अन्य सार्वजनिक संपत्तियों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। गांव के ग्रामीणों ने प्रशासन की इस त्वरित और सख्त कार्रवाई की सराहना की है।

जलभराव के खिलाफ ग्रामीणों का धरना जारी, धरनास्थल पर गुड़गुड़ाया हुक्का

भोपा, 9 फरवरी (बु.)। थाना क्षेत्र के सिकंदरपुर-सीकरी मार्ग पर लगातार जलभराव की समस्या से त्रस्त ग्रामीणों का गंदे पानी के बीच चारपाइयां बिछाकर धरना-प्रदर्शन सोमवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। धरनास्थल पर पहुंची ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अपराजिता आर्यन ने ग्रामीणों से बातचीत की और उनकी समस्या सुनी। उन्होंने कहा कि समस्या के समाधान के प्रयास जारी हैं। सड़क की भूमि की पैमाइश कराकर शीघ्र ही इसका निवारण किया जाएगा, हालांकि ग्रामीण अब तक के आश्वासनों से खफा हैं और उनका कहना है कि जब तक ठोस कार्यवाही नहीं दिखेगी, तब तक उनका विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। भोपा क्षेत्र के सिकंदरपुर-सीकरी मार्ग पर बीते लगभग एक वर्ष से जलभराव की स्थिति है, जिसके कारण ग्रामीणों को विभिन्न प्रकार की समस्याओं से दो-चार होना पड़ रहा है। रविवार को मार्ग से जुड़े चार गांवों के ग्रामीणों का धैर्य जवाब दे गया और उन्होंने गंदे पानी के बीच चारपाई बिछाकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। मामला जब सोशल मीडिया की सुर्खियां बना तो तहसीलदार बृजेश कुमार और कानूनगो सुनील शर्मा मौके पर पहुंचे और टैंकर बुलाकर पानी निकलवाने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण इस कार्रवाई पर बिफर गए और स्थाई समाधान की मांग करते हुए टैंकर चालक को वापिस भेज दिया। इस दौरान ग्रामीणों की अधिकारियों के साथ तीखी नोंकझोंक भी हुई। ग्रामीणों ने बताया कि यह जलभराव बीते एक वर्ष से लगातार जारी है। बरसात के दिनों में तो हालत और भी बिगड़ जाती है लगातार बना रहने वाला जलभराव अब ग्रामीणों के लिए रोजमर्रा की समस्या बन गया है। इससे न केवल आवागमन बाधित होता है बल्कि गंदगी और बीमारियों का खतरा भी बना रहता है। कई बार शिकायतों और आश्वासनों के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं होने से क्षुब्ध ग्रामीण धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर है। इस बीच धरनास्थल पर पहुंची ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अपराजिता आर्यन ने ग्रामीणों से बातचीत की और उनकी समस्या सुनी। उन्होंने कहा कि समस्या के समाधान के प्रयास जारी हैं। सड़क की भूमि का पैमाइश कराकर शीघ्र ही इसका निवारण किया जाएगा। हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि जब तक ठोस कार्यवाही नहीं दिखेगी, तब तक उनका विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। प्रदर्शन के दौरान पूर्व प्रधान शमशाद सिद्दीकी, इरफान अली, बर्फ सिंह, मैनपाल प्रधान, विकास चौधरी, बिट्टू प्रधान सहित अफसर कुरैशी, राजीव कुमार, सुरेंद्र, कृष्णपाल, अमन सिंह, सतीश, राज सिंह, नदीम, नजर मोहम्मद, आस मोहम्मद, सागर कुमार, वकार अहमद, कसीम, मुकीस, अंजर, समीर, फरमान, जीशान आदि कई ग्रामीण मौजूद रहे। प्रशासन की ओर से थाना प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह पुलिसबल के साथ, जबकि राजस्व निरीक्षक सुनील कुमार शर्मा, ग्राम सचिव इंदु कुमार और लेखपाल विकेश कुमार भी मौके पर उपस्थित रहे। ग्रामीणों का यह विरोध प्रदर्शन सवाल खड़ा करता है कि आखिर बुनियादी सुविधाओं की यह समस्या इतने लंबे समय से बनी हुई क्यों है? प्रशासन के आश्वासन से ग्रामीण कितना राहत महसूस करेंगे, यह आने वाले दिनों में स्पष्ट होगा।

1973-2026

सम्पादक की क़लम से

संसद में खेदजनक असंसदीय आचरण

संसद के इस सत्र में सांसदों का खेदजनक असंसदीय आचरण देखने को मिल रहा है। महिला सांसदों ने प्रधानमन्त्री की कुर्सी तक पहुंच कर नारेबाजी भी की थी। उस दिन प्रधानमन्त्री को बोलना था, लेकिन उन्हें सभापति ने लोकसभा में आने से किसी अनिष्ट की आशंका के चलते रोक दिया था। अगर संसद में यह खेदजनक असंसदीय आचरण और गहरा जाता तो बहुत बुरा होता। इस खेदजनक असंसदीय आचरण की बात सभापति ओम बिरला ने लोकसभा में कही भी थी, तब से अब तक यह सवाल उठाया जा रहा है कि अगर संसद में सत्ता पक्ष और प्रतिपक्ष में हाथपाई हो जाती, जिसकी कि संभावना थी, तो क्या दृश्य होता और क्या बनाया जाता, क्योंकि अगर विपक्ष अधिक क्रोध में आता, तो सत्ता पक्ष भी जवाब देता, तब यह सब बहुत बुरा होता, तब से यह मांग भी की जा रही है कि सभापति को ऐसे सांसदों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए, कार्रवाई में देर क्यों हो रही है? क्या सरकार, प्रधानमन्त्री की सुरक्षा को लेकर गंभीर नहीं है? अभी ये सवाल चल ही रहे हैं कि कांग्रेस की महिला सांसदों ने लोकसभा स्पीकर को लेटर लिख दिया। लेटर में लिखा गया कि हम यह पत्र बहुत दुःख और संवैधानिक जिम्मेदारी की गहरी भावना के साथ लिख रहे हैं। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि आप, लोकसभा के स्पीकर और इस सम्मानित सदन के संवैधानिक संरक्षक होने के नाते, सत्ताधारी पार्टी द्वारा विपक्ष की महिला सांसदों, खासकर इंडियन नेशनल कांग्रेस की महिला सांसदों के खिलाफ झूठे, बेबुनियाद और मानहानिकारक आरोप लगाने के लिए मजबूर किए गए हैं। इस पत्र का भी खूब चर्चा हो रहा है, इस पत्र को कांग्रेस की खिसियाहट बताया जा रहा है। भाजपा सांसदों का कहना है कि इस पत्र से पता चलता है कि उन्होंने अपने असंसदीय आचरण पर संभावित कार्रवाई से बचने के लिए यह पत्र लिखा है। कांग्रेस सांसद लगातार उस आचरण पर सफाई दे रहे हैं, जो अत्यंत खेदजनक कहा जा रहा है और सरकार के खिलाफ भी बोल रहे हैं। कांग्रेस सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष एक संवैधानिक पद है, यह सत्ताधारी पार्टी का नहीं है, जिस तरह से विपक्ष के नेता की आवाज को भेदभाव के साथ दबाया जा रहा है, वह बहुत चिंताजनक है। यह संसद है, सेंसर बोर्ड नहीं। उनका इशारा लोकसभा में विपक्षी नेताओं की आवाज को दबाने की ओर था, जो उनके अनुसार लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। कांग्रेस सांसद रंजीत रंजन ने कहा कि यह मामला अब सिर्फ लोकसभा और राज्यसभा का नहीं, बल्कि सदन की परंपरा और उसकी गरिमा का है। उन्होंने यह सवाल उठाया कि क्या कभी आपने सुना है कि संसद में प्रधानमन्त्री महिला सांसदों से डरते हैं? यह शर्मनाक नहीं है? उन्होंने आरोप लगाया कि स्पीकर को इस बारे में स्पष्टीकरण देना चाहिए और इसी कारण विपक्ष अविश्वास प्रस्ताव लाने पर मजबूर है। कांग्रेस नेता सुखजिंदर सिंह रंधावा ने भी इस मुद्दे पर अपनी चिंता जाहिर की और कहा, स्पीकर को सभी पार्टियों को साथ लेकर चलना चाहिए, लेकिन ओम बिरला ने भाजपा की पार्टी लाइन अपनाई है, जो उन्हें नहीं करना चाहिए था। उनका मानना है कि स्पीकर को सदन की परंपरा का पालन करना चाहिए। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि हम बजट पर बोलने आए थे, लेकिन अब लग रहा है कि सरकार और स्पीकर संसद की कार्यवाही में कोई दिलचस्पी नहीं रखते। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि जिस लोकतंत्र में नेता विपक्ष को अपनी बात रखने की अनुमति न हो, वह लोकतंत्र नहीं हो सकता। राहुल गांधी को एक मिनट के लिए भी बोलने नहीं दिया गया, जो बेहद हास्यास्पद है। यह बहुत दुखद है कि हम सदन में जाते हैं और बिना किसी काम के बाहर आ जाते हैं। नेता विपक्ष को एक मिनट के लिए भी बोलने नहीं दिया जा रहा। यह लोकतंत्र नहीं है। कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने भी विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव का समर्थन करते हुए कहा कि संसद बहस और प्रक्रिया का पालन करने के लिए है। विपक्ष को देश से जुड़े मुद्दों को उठाने के लिए जगह देनी चाहिए। यह अविश्वास प्रस्ताव उसी का हिस्सा है। कांग्रेस लोकसभा अध्यक्ष से नाराज चल रही है। कांग्रेस का कहना है कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान लोकसभा स्पीकर ने नियमों का हवाला देकर भाषण ही पूरा नहीं करने दिया। वहीं, दूसरी तरफ बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने कुछ किताबों का हवाला देकर इंदिरा गांधी समेत कांग्रेस के पूर्व पीएम पर निशाना साधा था। लोकसभा में हंगामे के कारण कांग्रेस के साथ-साथ कुल 8 सांसद पूरे सत्र के लिए निलंबित कर दिए गए हैं। कांग्रेस लोकसभा अध्यक्ष की उन टिप्पणियों से बेहद नाराज है, जिसमें उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस के कई सदस्य पीएम के आसन के पास पहुंच कर कोई भी अप्रत्याशित घटना कर सकते थे। इसलिए उन्होंने पीएम से सदन में न आने का आग्रह किया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के लिए विपक्ष को एक आवेदन देना होता है। इस आवेदन पर कम-से-कम 100 लोकसभा सांसदों के हस्ताक्षर होने चाहिएं। इंडिया गठबंधन के पास 240 सांसद हैं, यानी अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए विपक्ष के पास पर्याप्त सांसद हैं। हालांकि,विपक्ष अविश्वास प्रस्ताव को लोकसभा में पास नहीं करा सकता है। कांग्रेस एक और मुद्दे पर भी सरकार का विरोध कर रही है। कांग्रेस ने दावा किया है कि संसद में पीएम केयर फंड,पीएम राष्ट्रीय राहत कोष और राष्ट्रीय रक्षा कोष से जुड़े सवाल नहीं पूछे जा सकेंगे। ये निर्देश सीधे प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी के कार्यालय ने लोकसभा सचिवालय को दिए हैं। कांग्रेस ने एक रिपोर्ट को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर शेयर करते हुए यह दावा किया है। इसमें बताया गया कि पीएमओ ने लोकसभा सचिवालय से कहा है, इस बात का खास ध्यान रखा जाए कि संसद में कोई भी सदस्य इन फंड्स पर सवाल न उठाए। इसके बाद कांग्रेस ने कहा है कि ये सीधे तौर पर तानाशाही है। संसद का अपमान है और सांसदों के अधिकारों पर हमला है। कांग्रेस ने कहा है कि सांसद जनता के प्रतिनिधि हैं, उन्हें जनहित के सवाल पूछने से क्यों रोका जा रहा है? मोदी सरकार जनता के लाखों-करोड़ रुपये का हिसाब क्यों नहीं देना चाहती? आखिर मोदी सरकार देश की जनता से क्या छुपाना चाह रही है? क्या अब देश की संसद नरेन्द्र मोदी की मनमर्जी से चलेगी? आने वाले दिनों में कांग्रेस इस मुद्दे को भी उठाने की तैयारी कर रही है।

चार तीर

सुनील उत्सव

'हाल' 'कर्म' 'वोट' 'जनता'

हाल भी उनका गलत है,कर्म पिछले भी खराब,
वोट की चाहत में हैं अब खानदानी माफिया।
आम जनता ही को उनसे रहना होगा सावधान,
वोट की चाहत में हैं अब खानदानी माफिया।

उद्यमियों ने उद्योगों पर मंडराते अनचाहे हमलों पर जताई चिंता

- दोषियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन - एसपी से मुलाकात कर दी तहरीर, मांगी सुरक्षा

मुजफ्फरनगर, 09 फरवरी (बु.)। जनपद में तेजी से बदलता औद्योगिक माहौल गंभीर चिंता के दौर से गुजरता नजर आ रहा है। इसके चलते फैक्ट्री मालिकों ने असामाजिक तत्वों की ओर से धमकाने, पथराव कराने, झूठी शिकायतों के जरिए दबाव बना कर अवैध वसूली किए जाने के आरोप लगाए। उद्यमियों ने इसे निवेश व रोजगार के लिए घातक बताते हुए नाराजगी जताई और प्रशासन से आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई व सुरक्षा की मांग की। उद्यमियों का आरोप है कि कुछ शरारती तत्व अवैध रूप से मांगें पूरी करने का दबाव बना रहे हैं और मांग न मानने पर फैक्ट्री बंद कराने तथा प्रशासन में प्रदूषण समेत अन्य झूठी शिकायतें करने की धमकी दे रहे हैं। फेडरेशन ऑफ मुजफ्फरनगर कॉमर्स ने सोमवार को अफसरों को दी शिकायत में बताया कि तीन दिन पूर्व फेडरेशन के सदस्य अंशुल सिंघल एवं दीपक जैन की बामनहेड़ी बावनदरा पुल के पास स्थित तिरुपति एंटरप्राइजेज फैक्ट्री में कुछ असामाजिक तत्व जबरन घुस आए। इन तत्वों ने फैक्ट्री परिसर में पथराव करते हुए दहशत फैलाने का प्रयास किया और फैक्ट्री बंद कराने की धमकी दी। डीएम कार्यालय पर पहुंचे प्रतिनिधिमंडल में फेडरेशन के उपाध्यक्ष राकेश जैन, सचिव अभिषेक अग्रवाल, आशीष गर्ग, अंकित संगल, अंकुर गर्ग, सत्य प्रकाश रेशु, व्यापारी नेता शलभ गुप्ता सहित अन्य सदस्य शामिल रहे। डीएम उमेश मिश्रा को ज्ञापन सौंपते हुए उक्त घटना से अवगत कराते हुए बताया कि इस तरह के भय और असुरक्षा के माहौल में उद्योग संचालन करना कठिन हो गया है। यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगी तो इसका सीधा असर औद्योगिक विकास और रोजगार पर पड़ेगा। उक्त मामले को गंभीरता से लेते हुए डीएम ने कार्रवाई का आश्वासन दिया। बाद में फेडरेशन पदाधिकारी एसपी से मिले और कोतवाली में दर्ज शिकायत की जानकारी देते हुए आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और उद्योगों को सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की। इस दौरान फेडरेशन सचिव अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि फेडरेशन इस निंदनीय घटना की घोर निंदा करता है और स्पष्ट करता है कि संगठन अपने सदस्य के साथ पूरी मजबूती से खड़ा है। व्यापारियों या उद्यमियों का उत्पीड़न कदापि सहन नहीं किया जाएगा। बता दें, इस प्रकरण को लेकर दो दिन पूर्व वैश्य संयुक्त मोर्चा अध्यक्ष कृष्णगोपाल मित्तल के नेतृत्व में भी डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया करते हुए गांव भंडूर निवासी प्रसन्न कुमार पर फैक्ट्री में घुसकर धमकी देने, दहशत फैलाने और सोशल मीडिया पर वैश्य समाज के लोगों के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने के आरोप लगाए थे।

रामपुर तिराहा फैक्ट्री विवाद: यूनियन संगठन ने सीसीटीवी फुटेज को बताया 'एडिटेड'

मुजफ्फरनगर, 09 फरवरी (बु.)। रामपुर तिराहा स्थित तिरुपति एंटरप्राइजेज फैक्ट्री और ग्रामीणों के बीच चल रहा विवाद अब और गहरा गया है। फैक्ट्री परिसर की दीवारों को फांदकर अंदर घुसने के मामले में नया मोड़ तब आया, जब आरोपी पक्ष ने वायरल हो रही सीसीटीवी वीडियो को 'फेक' और 'एडिटेड' करार दे दिया। सोमवार को किसान मजदूर संगठन के नेतृत्व में ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया और फैक्ट्री के प्रदूषण के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की। मलीग गांव के पास स्थित तिरुपति एंटरप्राइजेज में पुराने टायर जलाने का काम होता है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस प्रक्रिया से निकलने वाला जहरीला धुआं क्षेत्र के लोगों के लिए सांस की बीमारियां पैदा कर रहा है। इसी समस्या को लेकर पिछले दिनों स्थानीय लोगों ने फैक्ट्री पर धरना दिया था, जो शांतिपूर्व सम्पन्न हो गया था, लेकिन हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें कुछ लोग फैक्ट्री की दीवार फांदकर जबरन अंदर घुसते दिखाई दे रहे थे। फैक्ट्री प्रबंधन ने इसे सुरक्षा में चूक और अवैध प्रवेश बताया था। वहीं, दूसरी ओर ग्रामीणों और किसान मजदूर संगठन का कहना है कि वायरल किया गया वीडियो पूरी तरह एडिटेड है और उन्हें बदनाम करने की साजिश है। फिलहाल अपने बचाव को लेकर हर वो प्रयास कर रहे हैं, जिससे घटना को किसी भी तरह दबाया जा सके। अब ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रदूषण पर लगाम नहीं लगी, तो वे दोबारा फैक्ट्री या डीएम कार्यालय के बाहर धरना देंगे। सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे प्रदर्शनकारियों ने प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि फैक्ट्री के प्रदूषण से आम जनजीवन बेहाल है। उन्होंने मांग की कि दीवार फांदने वाले वीडियो की फॉरेंसिक और निष्पक्ष जांच हो। फैक्ट्री से निकलने वाले धुएं की जांच कर उसे तत्काल बंद कराया जाए या प्रदूषण मानकों के अनुरूप कराया जाये। फैक्ट्री के अंदर घुसने का जो वीडियो दिखाया जा रहा है, वह फर्जी है। हमारा मकसद सिर्फ प्रदूषण रोकना है। अगर प्रशासन ने जल्द ठोस कार्रवाई नहीं की, तो हम अनिश्चितकालीन धरने के लिए मजबूर होंगे। मामले में अब गेंद प्रशासन के पाले में है। एक तरफ फैक्ट्री की सुरक्षा का सवाल है, तो दूसरी तरफ ग्रामीणों के स्वास्थ्य से जुड़ा प्रदूषण का गंभीर मुद्दा।

बीएसए के खिलाफ कलेक्ट्रेट में गरजे मांगेराम, दिया धरना

राष्ट्रीय त्यागी भूमिहार ब्राह्मण समाज समिति का ऐलान-भाजपा कार्यालय पर करेंगे अब हवन

मुजफ्फरनगर, 09 फरवरी (बु.)। योगी सरकार की यूपी में शुरू जीरो टारलेंस की नीति को जिले में पलीता लगाने के बीएसए पर आरोप लगाते हुए कलेक्ट्रेट में राष्ट्रीय त्यागी भूमिहार ब्राह्मण समाज समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष मांगेराम त्यागी के नेतृत्व में मोर्चा खोल दिया। इस दौरान बीएसए दफ्तर में बीते 15 वर्षों से संविदा कर्मी विकास त्यागी की संविदा समाप्त करने पर विरोध दर्ज कराया गया। धरने पर मांगेराम त्यागी ने ऐलान किया कि पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए लंबा संघर्ष करने से वो पीछे नहीं हटेंगे। इसके लिए पीड़ित परिवार को साथ में लेकर भाजपा कार्यालय पर हवन किया जायेगा। सोमवार को कलेक्ट्रेट में धरने पर बैठे मांगेराम त्यागी ने पीड़ित विकास त्यागी समेत समाज के अन्य लोगों के साथ कलेक्ट्रेट में पहुंचकर डीएम कार्यालय पर धरना दिया। इस दौरान डीएम के नाम नगर मजिस्ट्रेट पंकज प्रकाश राठौड़ को सौंपे ज्ञापन में उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समस्या का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो 25 फरवरी को भाजपा कार्यालय पर बड़ी संख्या में पहुंचकर वहां हवन किया जाएगा। धरने पर मांगेराम त्यागी ने आरोप लगाया कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार अपने कर्मचारियों का हर दिन उत्पीड़न करते हैं और गलत काम करने वालों की रेट लिस्ट जारी की है। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व एक कर्मचारी कार्यालय में ही धरने पर बैठ गए थे, जिसके बाद बुढ़ाना के पूर्व विधायक उमेश मलिक और बीएसए के बीच हॉट-टॉक का वीडियो भी वायरल हुआ था। अब बीएसए के निशाने पर विकास त्यागी हैं। मांगेराम त्यागी ने प्रशासन से मांग की कि बीएसए कार्यालय में काम करने वाले संविदा कर्मी विकास त्यागी को जल्द से जल्द नौकरी पर बहाल किया जाए और उन पर लगाए गए आरोप वापस लिए जाएं। उन्होंने कहा कि बीएसए संदीप कुमार को प्रदेश सरकार के एक मंत्री का भी समर्थन प्राप्त है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जनपद में अधिकारियों का यही रवैया रहा तो मुजफ्फरनगर जिले में स्थिति प्रभावित हो सकती है। बता दें, बीएसए कार्यालय में बीते 15 वर्ष से जिला समन्वयक मिड डे मील पद पर संविदा कर्मी के रूप में कार्यरत विकास त्यागी को बीएसए संदीप कुमार के द्वारा अनियमितता का आरोप लगाते हुए हटा दिया था। इसके बाद से लगातार आंदोलन और प्रदर्शन तथा आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू है। इसी कड़ी में पिछले दिनों राष्ट्रीय त्यागी भूमिहार ब्राह्मण समाज समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष मांगेराम त्यागी ने बीएसए पर कई गंभीर आरोप लगाते हुए आंदोलन की चेतावनी दी थी।

गांव लोई में विधायक लिखी कार बनी चर्चा का विषय



बुढ़ाना, 9 फरवरी (बु.)। ब्लॉक बुढ़ाना क्षेत्र के गांव लोई में एक गाड़ी के अगले शीशे पर विधायक शब्द लिखा हुआ है, जबकि इस गांव में कोई भी विधायक नहीं है और ना ही ये गाड़ी किसी भी विधायक की है। विधायक तो इस क्षेत्र में राजपाल सिंह बालियान हैं, मगर इस गाड़ी से उनका कोई भी लेना-देना नहीं है। गांव लोई में खड़ी हुई इस गाड़ी का एक वीडियो सोमवार के दिन किसी ग्रामीण ने वायरल कर दिया तो यह बात पता लगी। विधायक लिखी गाड़ी लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। यह गाड़ी यहां पर काफी दिनों से देखी जा रही है। इस गाड़ी की आड़ में क्या कोई अवैध काम हो रहा है या फिर लोगों पर रौब गालिब करना ही मकसद है यह बात भी यहां पर चर्चाओं में है और जांच का विषय है।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरला का सहारनपुर मंडल में प्रथम स्थान

मुजफ्फरनगर, 09 फरवरी (बु.)। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरला का सहारनपुर मंडल में प्रथम स्थान आने पर खुशी का माहौल है। इसके लिए बेहतर चिकित्सा, साफ-सफाई सहित स्वास्थ्य कर्मियों के मधुर व्यवहार से जनता खुश दिखाई दी। इन्हीं तमाम व्यवस्थाओं को निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त एम लोकेश ने परखने के बाद मंडल में प्रथम स्थान घोषित करते हुए फार्मेसिस्ट सुदीप कुमार को सम्मानित किया।यूपी में बेहतर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों के व्यवहार की अब क्षेत्र की जनता खुलकर तारीफ कर रही है, जिसके आए परिणामों में जनपद मुजफ्फरनगर के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बरला को मंडल में पहला स्थान दिया गया। दिल्ली-देहरादून के नेशनल हाईवे-58 स्थित थाना छपार क्षेत्र के गांव बरला में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एक ऐसा अस्पताल है, जो सहारनपुर मंडल में बेहतर चिकित्सा सेवाओं में अब प्राइवेट अस्पतालों को मात दे रहा है। यहां पर सभी प्रकार की चिकित्सा व्यवस्था समेत बेहतर साफ- सफाई एवं डॉक्टरों व कर्मियों का मधुर व्यवहार उनके कार्य की कुशलता को बढ़ावा देता है। इन्हीं उपलब्धियों के चलते मंडलायुक्त ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरला का सहारनपुर मंडल में प्रथम स्थान देते हुए अन्य केंद्रों को बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया है।

नगर पालिका और व्यापारियों के बीच 'चूहे-बिल्ली' का खेल, शौचालय में मिला दुकान का सामान

मुजफ्फरनगर, 09 फरवरी (बु.)। शहर को जाम मुक्त बनाने के लिए नगर पालिका प्रशासन द्वारा चलाया जा रहा अतिक्रमण हटाओ अभियान अब व्यापारियों के साथ लुका-छिपी के खेल में तब्दील हो गया है। सोमवार को जब पालिका की टीम मीनाक्षी चौक से आर्य समाज रोड पर कार्रवाई करने उतरी, तो बाजार में अफरा-तफरी का माहौल रहा। बाजार में स्थिति यह है कि जैसे ही पालिका की टीम सड़क पर दिखाई देती है, व्यापारी आनन-फानन में अपना सामान समेटकर दुकान के अंदर कर लेते हैं, लेकिन जैसे ही आगे निकलती है, दुकानदार फिर से अपना सामान सड़क पर सजा लेते हैं। प्रशासन और दुकानदारों के बीच चल रहा यह 'चूहे-बिल्ली' का खेल अभियान की सफलता पर सवालिया निशान लगा रहा है। मीनाक्षी चौक से आर्य समाज रोड तक चले इस अभियान में सड़क घेरकर बैठे कई दुकानदारों का सामान जब्त किया गया। इस दौरान कई दुकानदार अपने सामान को छुड़वाने के लिए टीम के सामने हाथ जोड़कर मिन्नतें करते दिखे, तो वहीं कुछ दुकानदारों ने टीम के साथ बहस कर कार्रवाई का विरोध किया। इस कार्रवाई में बड़ा सवाल यह है कि नगर पालिका हर दूसरे दिन सड़कों को साफ करा रही है, लेकिन अगले ही दिन स्थिति जस की तस हो जाती है। लगता है कि, जब तक अतिक्रमणकारियों के सहयोग और कड़े जुर्माने की व्यवस्था नहीं होगी, तब तक अतिक्रमण की यह समस्या शहर के लिए नासूर बनी रहेगी।

शौचालय तक को नहीं छोड़ा, वहां भी सजा दी दुकान

मुजफ्फरनगर। सोमवार की कार्रवाई के दौरान पालिका की टीम उस वक्त दंग रह गई, जब उन्हें सार्वजनिक शौचालय के भीतर एक दुकानदार का सामान सजा हुआ मिला। टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए शौचालय में रखे अवैध सामान को जब्त कर लिया। इस दौरान व्यापारियों और पालिका कर्मचारियों के बीच जमकर तीखी नोकझोंक और खींचातानी भी देखने को मिली।

राशन डीलरों ने खोला मोर्चा, सौंपा डीएसओ को ज्ञापन

- मशीन व कमीशन से जुड़ी समस्याओं के निदान की मांग

मुजफ्फरनगर, 09 फरवरी (बु.)। जनपद में राशन वितरण व्यवस्था को लेकर सोमवार को जिला पूर्ति कार्यालय पर पहुंचे कोटेदारों ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान भारतीय सस्ता गल्ला संघ मुजफ्फरनगर के बैनर तले राशन डीलरों ने जिला पूर्ति अधिकारी को सौंपे शिकायती पत्र में जिले में खाद्य वितरण में आ रही तमाम तकनीकी व आर्थिक समस्याओं से अवगत कराया। उक्त डीलरों ने बताया कि वर्तमान व्यवस्थाओं के कारण उनका कार्य करना बड़ा ही कठिन हो गया है। सोमवार को डीएसओ से मिले राशन डीलरों ने अपने मुख्य मुद्दों के रूप में सर्वर और सॉफ्टवेयर से जुड़ी समस्या के साथ ई-पॉस मशीनों में आ रही लगातार सर्वर और सॉफ्टवेयर संबंधित समस्या से राशन वितरण में समय अधिक लगने के आरोप लगाए। उन्होंने बताया कि पुराना सॉफ्टवेयर सही ढंग से काम कर रहा था, लेकिन नए वर्जन के अपडेट हो जाने के बाद कार्य बाधित हो रहा है। वहीं नई मशीनों के की-पैड छोटे होने और तौल न दिखाने जैसी समस्याओं के कारण वितरण प्रक्रिया में रुकावटें आ रही हैं। डीलरों ने बताया कि लंबे समय से उनके कमीशन में कोई वृद्धि नहीं हुई है। आर्थिक तंगी के कारण वे परेशान हैं और बार-बार आवेदन के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हो रही। ठा. सुन्दर सिंह सोम अध्यक्ष भारतीय सस्ता गल्ला संघ ने चेतावनी दी कि यदि इन समस्याओं का जल्द समाधान न हुआ, तो सुचारू रूप से राशन वितरण असंभव हो जाएगा। उन्होंने प्रशासन से मशीनों की तकनीकी खामियों को दूर करने और कोटेदारों के कमीशन में न्यायोचित वृद्धि करने की मांग की, ताकि जनता को समय पर राशन मिल सके। इस दौरान अध्यक्ष सुंदर सिंह सोम,सचिव धर्मपाल, सुधीर जैन, भोला, राजकुमार सिद्धार्थ, इसरार, अरविंद समेत नगर क्षेत्र के समस्त राशन डीलर मौजूद रहे।

19 नामजद एवं कई अज्ञात के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज

शाहपुर, 09 फरवरी (बु.)। क्षेत्र के चर्चित गांव बसी कला में गत रात्रि खतौली से लौटी बारात पर आतिशबाजी के दौरान दबंगों द्वारा किए गए जानलेवा हमले में 19 लोगों के खिलाफ नामजद एवं कई अज्ञात के विरुद्ध बेहद गंभीर धाराओं में शाहपुर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया। दबंगों के हमले में दूल्हा एवं उसके बहनोई भी घायल हुए थे। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के बाद से गांव में तनाव है। क्षेत्र के गांव बसी कलां में बारात के वापस लौटने पर दो पक्षों में हुए विवाद के बाद एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के 19 लोगों को नामजद करते हुए एक अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। थाना क्षेत्र के गांव बसी कलां निवासी सलीम ने प्राथमिकी दर्ज कराई कि रविवार को उसके भाई अकरम की बारात खतौली गई थी। बारात देर शाम गांव में वापस लौटने पर परिजन खुशी मना रहे थे। इसी दौरान गांव के ही दूसरे पक्ष के सलमान, जाजू, आशू व शादाब ने विरोध करने के साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट करनी शुरू कर दी, जब इरशाद आदि ने गाली-गलौच व मारपीट का विरोध किया, तो आरोपियों ने अपने अन्य साथियों को बुला लिया जो अपने हाथों में लाठी-डंडे व सरिये आदि लिए हुए थे। उसने आरोप लगाया कि सभी ने एक राय होकर उसके परिजनों, रिश्तेदारों व अन्य पर हमला कर दिया, जिसमें इरशाद व शानू आदि घायल हो गए। इसके अलावा आरोपियों ने घर में घुसकर दहेज में मिला सामान व स्विफ्ट कार को भी लाठी-डंडों से क्षतिग्रस्त कर दिया। शोर सुनकर गांव के काफी लोग मौके पर पहुंचे। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर 19 लोगों को नामजद करते हुए कई अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने नामजद एक आरोपी इरशाद उर्फ सादू व एक अन्य को एक सरिये के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि शीघ्र अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

दिनदहाड़े बाजार से बाइक चोरी हुई

चरथावल, 09 फरवरी (बु.)। चरथावल कस्बे के बाजार कलां में रविवार को दिनदहाड़े एक बाइक चोरी हो गई, जिसकी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। घटना से क्षेत्र के व्यापारियों और स्थानीय लोगों में चिंता बढ़ गई है। सीसीटीवी में देखा जा रहा कि चोर बाइक लेकर भीड़भाड़ वाले बाजार क्षेत्र से फरार हो गए। पीड़ित ने सोमवार को पुलिस को प्रार्थना-पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। घटना की सूचना मिलते ही चरथावल पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने पीड़ित से घटना के संबंध में जानकारी ली और मामले की छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। चरथावल थाना प्रभारी सत्यनारायण दहिया ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच-पड़ताल की जा रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही चोरों की पहचान कर उनके खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। दिनदहाड़े हुई इस चोरी की घटना से क्षेत्र के व्यापारियों और स्थानीय लोगों में चिंता बढ़ गई है।

दो युवकों के बीच मारपीट

चरथावल, 09 फरवरी (बु.)। चरथावल थाना क्षेत्र में दो युवकों के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। हैबतपुर निवासी अनिल ने ग्राम बघाई कलां निवासी सूरज पर मारपीट का आरोप लगाया है। घायल अनिल अपनी पत्नी के साथ सोमवार को चरथावल थाने पहुंचा और आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराकर कार्रवाई की मांग की। पीड़ित अनिल ने पुलिस को बताया कि वे दोनों एक बारात में शामिल होने गए थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर उनके बीच कहासुनी हो गई, जो बाद में मारपीट में बदल गई। अनिल का आरोप है कि सूरज ने उसके साथ मारपीट की और उसे जान से मारने की धमकी भी दी। चरथावल थाना प्रभारी सत्यनारायण दहिया ने बताया कि दो युवकों के बीच मारपीट हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और जांच के आधार पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

लापता हो रहे लाखों युवक-युवतियां, पता लगाने में पुलिस लापरवाह

मुजफ्फरनगर, 9 फरवरी (बु.)। देश के अंदर लापता हो रहे युवक, युवतियों, महिलाओं व पुरुषों के मामले को लेकर राष्ट्रीय हिन्दू शक्ति संगठन द्वारा आज प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री व गृह मंत्री के नाम जिला अधिकारी को ज्ञापन दिया। इसमें कहा गया है कि देश में लाखों लोग लापता हो रहे हैं, इनमें बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हैं। इसके बावजूद उनकी तलाश को लेकर कोई कारगर कार्रवाई नहीं की जा रही है। राष्ट्रीय हिंदू शक्ति संगठन के कार्यकर्ताओं ने आज कचहरी पहुंचकर प्रदर्शन कर एक ज्ञापन दिया। इसमें कहा गया है कि भारत में लापता बच्चों, महिलाओं और पुरुषों की संख्या में वृद्धि हो रही है। स्थानीय पुलिस शासन-प्रशासन इस तरह की घटनाओं को गंभीरता से नहीं लेता है जिससे यह समस्या दिन पर दिन बढ़ती जा रही है, ऐसा प्रतीत होता है कि कहीं यह मानव तस्करी

मेरठ में संदिग्ध परिस्थितियों में मिली 22 वर्षीय छात्रा

मोदीपुरम, 9 फरवरी (एजेंसी)। मेरठ के गंगानगर थाना क्षेत्र की गंगा विहार कॉलोनी में एक 22 वर्षीय छात्रा का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे पर लटका मिला। देर रात अपने कमरे में आंचल का शव पंखे से लटका देख पास के किरायेदारों ने पुलिस को सूचना दी। मृतका की पहचान आंचल (22) के रूप में हुई है, जो किठौर थाना क्षेत्र के भडोली गांव की निवासी थी। आंचल गंगा विहार कॉलोनी में रहकर एक निजी लाइब्रेरी में पढ़ाई कर रही थी और एक प्राइवेट स्कूल में भी पढ़ाती थी। सूचना मिलने पर गंगानगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। थाना अध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि युवती के कमरे से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

आवश्यकता है
ग्रेन चैम्बर हॉस्पिटल
को दो ट्रेंड नर्स की।
कम से कम दो वर्ष का अनुभव।
फिजियोथेरेपिस्ट चिकित्सक की (महिला/पुरुष)
तुरन्त सम्पर्क करें-
M.: 9927003400 मंत्री

टी-20 वर्ल्डकप में भारत-पाकिस्तान मैच होगा

इस्लामाबाद, 9 फरवरी (एजेंसी)। टी-20 वर्ल्ड कप में 15 फरवरी को भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला होगा। पाकिस्तानी न्यूज चैनल डॉन ने वहां के सरकारी चैनल पाकिस्तान टीवी के हवाले से बताया कि सरकार ने टी-20 वर्ल्ड कप में भारत के खिलाफ मैच खेलने पर सहमति दे दी है। चैनल के मुताबिक यह फैसला बांग्लादेश और श्रीलंका के अनुरोध के बाद लिया गया। डॉन न्यूज ने बताया कि प्रधानमंत्री शहबाज को श्रीलंका के राष्ट्रपति दिसानायके ने फोन करके भारत से मैच खेलने को कहा था। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के प्रेसिडेंट अमीनुल इस्लाम ने भी पाकिस्तान से भारत के साथ मैच खेलने की अपील की थी। उन्होंने कहा- मैं पाकिस्तान से अपील करता हूं कि वे पूरे क्रिकेट इकोसिस्टम के हित में 15 फरवरी को भारत के खिलाफ आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप मैच खेले। दरअसल, बांग्लादेश को टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर करने के विरोध में पाकिस्तान ने भारत से होने वाले मुकाबले का बायकॉट करने का ऐलान किया था। यह ऐलान पाकिस्तान सरकार पोस्ट करके किया था।

नई दिल्ली से गाजियाबाद की तरफ आ रही मालगाड़ी हुई बेपटरी

गाजियाबाद, 9 फरवरी (एजेंसी)। नई दिल्ली से गाजियाबाद की तरफ लोहा लेकर आ रही मालगाड़ी सोमवार को सवेरे करीब 9 बजे साहिबाबाद रेलवे स्टेशन से कुछ पहले बेपटरी हो गई। कपलिंग टूटने की वजह से ट्रेन के दो चक्के ट्रैक से उतरे। दुर्घटना के बाद सवेरे नौ बजे से लेकर शाम पांच बजे मालगाड़ी मेन लाइन पर खड़ी रही। पीछे से आने वाली ट्रेनों को डायवर्ट कर निकाला गया। विशाखापत्तनम से लोहा लेकर मालगाड़ी नई दिल्ली पहुंची थी। यहां इसको गाजियाबाद आना था। सवेरे नौ बजे जब मालगाड़ी साहिबाबाद स्टेशन से कुछ पहले पहुंची तो मालगाड़ी तेज आवाज के साथ बंद हो गई।

सुप्रीम कोर्ट बोला-एसआईआर में कोई रुकावट नहीं आने देंगे

नई दिल्ली/कोलकाता, 9 फरवरी (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पश्चिम बंगाल में वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) को लेकर दायर याचिकाओं पर सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि वह इस प्रक्रिया में किसी भी तरह की रुकावट बर्दाश्त नहीं की जाएगी। चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने कहा कि यह बात सभी राज्यों के लिए है। जरूरत पड़ने पर आदेश जारी किए जाएंगे। साथ ही कोर्ट ने बंगाल स्क्रफ की फाइनल वोटर लिस्ट पब्लिश

बंगाल में फाइनल वोटर लिस्ट पब्लिश करने की डेडलाइन एक हफ्ते बढ़ाई

करने की तारीख 14 फरवरी से बढ़ाकर 21 फरवरी कर दी है। वहीं चुनाव आयोग (ईसी) ने कोर्ट में एफिडेविट दाखिल कर आरोप लगाया था कि कुछ बदमाशों ने बंगाल में स्क्रफ से जुड़े नोटिस जला दिए और अब तक इस मामले में कोई एफआईआर नहीं हुई। कोर्ट ने बंगाल के चुनाव आयुक्त से जवाब मांगा है। एसआईआर से कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी मांगी है। 4 फरवरी को हुई सुनवाई में सीएम बनर्जी ने अदालत में दलीलें पेश की थीं। सुप्रीम कोर्ट के इतिहास में पहली बार किसी राज्य के मौजूदा मुख्यमंत्री ने कोर्ट में पेश होकर दलीलें रखीं। मुकदमों में आमतौर पर सीएम के वकील या सलाहकार ही पेश होते हैं।

रिंकू सिंह आईपीएल के बाद सांसद प्रिया संग सात फेरे लेंगे : काशी में होगी शादी

अलीगढ़, 9 फरवरी (एजेंसी)। क्रिकेटर रिंकू सिंह और सपा सांसद प्रिया सरोज इसी साल जून में 7 फेरे लेंगे। दोनों की शादी काशी में होगी। परिवार ने सियासत से बचने को गेस्ट लिस्ट छोटी बनाई है। पिछले साल 8 जून को लखनऊ में रिंकू और प्रिया की रिंग सेरेमनी हुई थी। इसके बाद नवंबर, 2025 में शादी की डेट फिक्स हुई थी। लेकिन, शादी नहीं हो पाई थी। फिर फरवरी, 2026 की तारीख तय हुई, लेकिन जी-20 वर्ल्ड कप और आईपीएल के चलते अब इसे जून के लिए शेड्यूल किया गया है। रिंकू के बड़े भाई सोनू सिंह ने बताया- शादी के लिए पहले 11 और 12 जून की तारीखों पर चर्चा थी। लेकिन आईपीएल फाइनल की व्यस्तता को देखते हुए रिंकू ने नई तारीख निकलवाने को कहा है। सोनू सिंह ने कहा- आईपीएल, 26 मार्च से 31 मई के बीच प्रस्तावित है। जब रिंकू क्कछ से फ्री होंगे, तभी शहनाई बजेगी। फिलहाल शादी काशी में होगी और रिसेप्शन अलीगढ़ में रखा जाएगा। शादी में रिंकू सिंह की तरफ से परिवार और कुछ रिश्तेदारों को मिलाकर करीब 10 से 12 लोगों के पहुंचने की उम्मीद है। इसके पीछे की वजह बड़ी दिलचस्प है। दरअसल, दूल्हा पक्ष के कई करीबी भाजपा से जुड़े हैं, जबकि दुल्हन खुद सपा सांसद हैं। इसलिए न्योता देने के लिए काफी सोच-विचार कर-के ही इस पर निर्णय लिया गया है। गेस्ट लिस्ट काफी छोटी बनाई गई है।

डिस्ट्रिक्ट बार संघ के लिए दिग्गज मैदान में

▶ आज नाम वापसी के बाद होगा चुनाव प्रचार ▶ कुल 2369 अधिवक्ता करेंगे इस बार मताधिकार का प्रयोग

मुजफ्फरनगर, 09 फरवरी (बु.)। सोमवार को डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव 2026-27 के नामांकन में तमाम दिग्गजों के मैदान में उतरने से चुनाव दिलचस्प हो गया है।

बार चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया के दौरान अध्यक्ष और महासचिव पद के लिए 05-05 दावेदारों समेत अन्य पदों पर ग्रुपों में अधिवक्ताओं ने नामांकन पत्र दाखिल किए। सोमवार को नामांकन और नामांकन-पत्रों की जांच प्रक्रिया संपन्न होने के बाद सभी नामांकन-पत्र वैध घोषित किए गए। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव की नामांकन-पत्र प्रक्रिया की जानकारी देते हुए मुख्य चुनाव अधिकारी उदयवीर सिंह पोरिया ने बताया कि बार संघ अध्यक्ष पद के लिए अनिल जिन्दल, अर्जुन सिंह, प्रमोद त्यागी, मौ. अन्जुम खां और सुरेन्द्र पाल मैनवाल ने ताल ठोंकी है। वहीं महासचिव पद पर जितेन्द्र कुमार, नवाब अली चौधरी, प्रदीप कुमार मलिक, विकास त्यागी और सुरेन्द्र कुमार मलिक मैदान में हैं। वरिष्ठतम उपाध्यक्ष पद के लिए ईश्वर चन्द त्यागी, चन्द्रवीर चौधरी, धर्मेन्द्र कुमार पुंडीर, नरेन्द्र सिंह और स्वर्ण सिंह ने नामांकन-पत्र दाखिल किया। वहीं कोषाध्यक्ष पद पर अबरार अहमद, अमित कुमार जैन, नीशु कान्त शर्मा, मुनव्वर हुसैन, सुधीर कुमार चौहान और सुभाष चन्द ने दावेदारी की है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष 15 वर्ष के लिए अब्दुल हक, देवेंद्र कुमार कैल, राधेश्याम त्यागी, शौकिन्द्र कुमार, सनसवीर, संदीप कुमार डबास एवं उपाध्यक्ष 10 वर्ष के लिए अमित भारद्वाज, अमित मैनी, कृष्णपाल, नीरज कुमार, मौ. गुलबहार त्यागी, मौ. यासीन व सुरेन्द्र चौधरी ने नामांकन दाखिल किया। वहीं सह सचिव पद के लिए गीता रानी, जुबेर त्यागी, निशा रानी, पंकज कुमार, मीनाक्षी द्विवेदी, मौ. ताजीम, राजीव कुमार सिंघल, शशि प्रभा और शांतनु पुंडीर ने नामांकन किया। इसके अलावा वरिष्ठ सदस्य के लिए 12 और कनिष्ठ सदस्य के लिए 18 प्रत्याशियों ने नामांकन-पत्र दाखिल करते हुए इस चुनाव को रोचक बना दिया। सोमवार दो बजे के बाद नामांकन पत्रों की जांच में सभी नामांकन वैध पाए गए। नामांकन के बाद अब मंगलवार को प्रत्याशियों की नाम वापसी के बाद चुनाव की सही स्थिति स्पष्ट होगी। इसके साथ सभी प्रत्याशी अपने-अपने पैनल को अंतिम रूप देने में जुट गए है।

मुख्य चुनाव अधिकारी उदय वीर सिंह पोरिया ने बताया कि मतदाता सूची में इस बार कुल 2369 अधिवक्ताओं के नाम दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि यदि किसी प्रत्याशी को अपना नाम वापसी लेना हो तो मंगलवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर एक बजे तक वापस लिया जा सकेगा। उन्होंने सभी प्रत्याशियों से आदर्श आचार संहिता के नियमों का पालन करते हुए निष्पक्ष, शांतिपूर्ण पारदर्शी चुनाव के लिए सहयोग मांगा। इस दौरान बार संघ सभागार में मुख्य चुनाव अधिकारी उदयवीर सिंह पोरिया व चुनाव अधिकारी ललित कुमार शर्मा, रमेश चन्द गोयल, ज्ञानेन्द्र कुमार त्यागी, रियाज हसन राठी, धर्मेन्द्र कुमार पुंडीर, सरब सिंह, कैलाश चन्द, मनोज सौदाई, सतेश्वर तोमर के अलावा एल्डर कमेटी चेयरमैन आनन्द प्रकाश त्यागी, सदस्य के रूप में नासिर अली, हंसानन्द शर्मा वरिष्ठ अधिवक्ता की देखरेख में संपन्न कराया गया।

हंगामे के बीच राज्यपाल पढ़ती रहीं अभिभाषण

▶ सपा लगाती रही गर्वनर गो बैक के नारे; एसआईआर पर हंगामा ▶ विधानसभा गेट पर सपा की नारेबाजी, साइकिल से पहुंचे एमएलसी

लखनऊ, 9 फरवरी (एजेंसी)। विधानमंडल के बजट सत्र की सोमवार को शुरूआत से पहले राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने दोनों सदनों के संयुक्त अधिवेशन को संबोधित किया। राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में राज्य सरकार की उपलब्धियों का बखान करना शुरू ही किया था कि समाजवादी पार्टी के सदस्य नारे लिखे पोस्टर और राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की तस्वीरें लेकर वेल में आ गए और हंगामा करने लगे। करीब 35 मिनट के राज्यपाल के संबोधन के दौरान सपा सदस्य लगातार हंगामा करते रहे। हालांकि राज्यपाल ने अभिभाषण पढ़ना जारी रखा। राज्यपाल के विधानसभा के मुख्य मंडप में आने से पहले ही सपा सदस्य लगातार नारेबाजी कर रहे थे। करीब 11 बजे राज्यपाल के आने पर संयुक्त अधिवेशन की शुरूआत राष्ट्रगान से हुई। इसके बाद 11:05 बजे विधानसभा अध्यक्ष ने राज्यपाल से अभिभाषण पढ़ने का अनुरोध किया तो सपा सदस्य संग्राम सिंह मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के मुद्दे पर अपनी बात कहने लगे। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने उनसे कहा कि सत्र के दौरान सबको हर मामले पर अपनी बात रखने का मौका दिया जाएगा। हालांकि सपा सदस्यों ने विरोध करना शुरू कर दिया और सभी वेल में आकर 'गवर्नर मैडम गो बैक' का नारा लगाने लगे। सपा सदस्यों के शोर मचाने पर राज्यपाल ने कहा कि इतना चिल्लाने से गला बैठ जाएगा। सपा सदस्य भाषण बंद करो के नारे लगाते रहे, जबकि भाजपा और उसके सहयोगी दल राज्यपाल द्वारा गिनाई जा रहीं प्रदेश सरकार की उपलब्धियों का मेज थपथपाकर सराहना करते रहे।

राज्यपाल ने कसा तंज, आपके समय जीरो था

राज्यपाल ने प्रदेश के 121 राजकीय पॉलीटेक्निक संस्थानों में एक्सीलेंस सेंटर और

251 स्मार्ट क्लास रूम की स्थापना का जिक्र करने के दौरान सपा सदस्यों के शोरगुल पर तंज कसते हुए कहा कि आपके समय में यह सब जीरो था। उन्होंने आगे कहा कि पांच साल तक जीरो पर ही रहे। उन्होंने हाथ से जीरो की आकृति बनाकर सपा सदस्यों को आईना दिखाते हुए कुछ और भी कहा, जिसके बाद सपा सदस्यों ने तेज आवाज में हूटिंग शुरू कर दी। इसकी वजह से राज्यपाल की बात नहीं सुनी जा सकी। सपा सदस्यों के शोर मचाने पर राज्यपाल ने कहा कि इतना चिल्लाने से गला बैठ जाएगा। सपा सदस्य भाषण बंद करो के नारे लगाते रहे, जबकि भाजपा और उसके सहयोगी दल राज्यपाल द्वारा गिनाई जा रहीं प्रदेश सरकार की उपलब्धियों का मेज थपथपाकर सराहना करते रहे।

हंगामे में शामिल नहीं हुईं पल्लवी पटेल

सपा सदस्यों द्वारा हंगामा करने के दौरान विधायक पल्लवी पटेल अपनी जगह पर बैठी रहीं। उन्हें कई बार सपा सदस्यों ने वेल में आने को कहा, लेकिन उन्होंने अनसुना कर दिया। वहीं सपा के बागी विधायक भी अपनी जगहों पर बैठे रहे।

दावा-संसद में पीए केयर-फंड से जुड़े सवाल पूछने पर रोक

नई दिल्ली, 9 फरवरी (एजेंसी)। कांग्रेस ने सोमवार को दावा किया है कि संसद में पीएम केयर फंड, पीएम राष्ट्रीय राहत कोष और राष्ट्रीय रक्षा कोष से जुड़े सवाल नहीं पूछे जा सकेंगे। ये निर्देश सीधे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यालय ने लोकसभा सचिवालय को दिए हैं। कांग्रेस ने डेली न्यूज पेपर द इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट को सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर शेयर करते हुए यह दावा किया है। इसमें बताया गया कि पीएमओ ने लोकसभा सचिवालय से कहा है- इस बात का खास ध्यान रखा जाए कि संसद में कोई भी सदस्य इन फंड्स पर सवाल न उठाए। इसके बाद कांग्रेस ने कहा है कि ये सीधे तौर पर तानाशाही है। संसद का अपमान है और सांसदों के अधिकारों पर हमला है। कांग्रेस ने पर 4 सवाल किए-

▶ संसद जनता के प्रतिनिधि हैं, उन्हें जनहित के सवाल पूछने से क्यों रोका जा रहा है? ▶ मोदी सरकार जनता के लाखों-करोड़ रुपये का हिसाब क्यों नहीं देना चाहती? ▶ आखिर मोदी सरकार देश की जनता से क्या छिपाना चाह रही है? ▶ क्या अब देश की संसद नरेंद्र मोदी की मनमर्जी से चलेगी?

हंगामे के बीच लोकसभा की कार्यवाही केवल 13 मिनट ही चल पाई

नई दिल्ली, 9 फरवरी (एजेंसी)। बजट सत्र के 9 वें दिन लोकसभा की कार्यवाही केवल 13 मिनट ही चल पाई। विपक्ष सदन में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को बोलने देने की मांग कर रहा है। राहुल गांधी ने लोकसभा में कहा कि 1 घंटा पहले स्पीकर के पास हम गए, स्पीकर ने हमें कमिट किया कि मुझे बजट डिस्कशन से पहले बोलने दिए जाएगा, आप मुझे बोलने नहीं दे रही हैं। मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि आप मुझे बोलने देंगी या नहीं। 3 बजे जब सदन की कार्यवाही शुरू हुई तो आसंदी (स्पीकर की चेयर) पर संध्या राय (भाजपा सांसद) बैठी थीं। राहुल की बात के जवाब में संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि मैं भी स्पीकर के केबिन में मौजूद था। ऐसा कोई कमिटमेंट नहीं किया गया। संध्या ने राहुल से कहा कि आपकी तरफ से किसी और मुद्दे के लिए कोई नोटिस नहीं आया है, बजट पर चर्चा करनी हो तो बताएं। इसके बाद विपक्ष ने हंगामा किया। इसके बाद लोकसभा की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए कार्यवाही स्थगित कर दी गई। वहीं, विपक्ष लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव ला सकता है। यह प्रस्ताव पेश करने के लिए कम से कम 50 सांसदों का समर्थन जरूरी होता है। इसके लिए सदन में 14 दिन पहले लिखित नोटिस देना होता है। राहुल गांधी ने कहा कि नरवणे की किताब के मुद्दे पर सरकार ने उन्हें बार-बार बोलने नहीं दिया और सदन रोक दिया। पहले किताब, फिर मैगजीन को कोट करने से रोका गया। रक्षा मंत्री ने गलत कहा कि किताब छपी नहीं है, जबकि वह छप चुकी है। राष्ट्रपति के भाषण पर भी छ्ब्ध और विपक्ष को बोलने नहीं दिया गया। वहीं सत्तापक्ष के एक सदस्य ने कई किताबें कोट कर आपत्तिजनक बातें कहीं, लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके अलावा विपक्ष के सदस्यों को सस्पेंड किया गया। उन्होंने कहा कि यह झूठ फैलाया गया कि विपक्ष प्रधानमंत्री को धमकी दे रहा था। सच यह है कि प्रधानमंत्री सच से डरकर सदन नहीं आए। अगर किसी ने धमकी दी है तो ऋक्षकर गिरफ्तार करें। राहुल गांधी ने कहा कि विपक्ष चर्चा चाहता है, लेकिन सरकार बहस से डर रही है। खासकर बजट, वर डील और किसानों पर उसके असर पर बात करने से। दोपहर 2 बजे लोकसभा की कार्यवाही शुरू होने के बाद विपक्षी सांसदों ने फिर हंगामा शुरू किया। विपक्ष लगातार पहले राहुल गांधी को बोलने देने की मांग कर रहा है।

फरीदाबाद जेल में 'राम मंदिर' उड़ाने की साजिश रचने वाले अब्दुल रहमान की हत्या

फरीदाबाद, 9 फरवरी (एजेंसी)। हरियाणा की फरीदाबाद जेल में बंद अब्दुल रहमान की हत्या कर दी गई है। रविवार देर रात जेल में मर्डर केस में बंद अरुण चौधरी उर्फ अब्बू जट नाम के कैदी ने उस पर नुकीली चीज से हमला किया। दोनों को हाई सिक्योरिटी वाली बैरक में एक साथ बंद किया गया था। कत्ल का पता चलते ही जेल अधिकारी बैरक में पहुंचे। इसके बाद रहमान की लाश को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया गया। 20 साल के अब्दुल को गुजरात अळ्र ने मार्च 2025 में पकड़ा था। जांच में पता चला कि वह अलकायदा इन इंडियन सब-कांटिनेंट के कुख्यात आतंकी अबू सूफियान के संपर्क में था। उसने अयोध्या में राम मंदिर उड़ाने की साजिश रची थी।

वहीं कत्ल करने वाला कैदी अरुण चौधरी का नाम भी चर्चित अक्षय शर्मा हत्याकांड में आया था। उसे पंजाब में हुई मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया था।

इसके बाद 2 साल पहले ही उसे कठुआ जेल से फरीदाबाद की इस नीमका जेल में शिफ्ट किया गया था। सांबा में अक्षय शर्मा हत्याकांड से चर्चा में आयाः अरुण चौधरी जम्मू जिले के आरएस पुरा सेक्टर के गांव खौर देओनियन का रहने वाला है। उसका नाम दिसंबर 2023 में हुए सांबा निवासी अक्षय शर्मा हत्याकांड के बाद चर्चा में आया था।

वर्ष 2023 में पंजाब में हुई मुठभेड़ के बाद अरुण चौधरी को गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तारी के बाद अरुण को कठुआ जेल में रखा गया था। जेल प्रशासन पर लगाए थे रिश्वत लेने के आरोपः अरुण पर हत्या और रंगदारी मांगने के मामले भी दर्ज है। वर्ष 2024 में ही इंस्टाग्राम पर लाइव आकर अरुण ने कठुआ जेल प्रशासन पर रिश्वत लेने के आरोप लगाए गए थे। जेल प्रशासन पर फोन और सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए वीडियो वायरल करके दो लाख लेने के आरोप लगाए थे। जम्मू की कठुआ जेल से ट्रांसफर किया गयाः इसके बाद अरुण चौधरी उर्फ अब्बू जट अक्टूबर 2024 में जम्मू की कठुआ जेल से नीमका में ट्रांसफर किया गया था। अरुण चौधरी को अति विशेष सुरक्षा सेल में रखा गया था। अब्दुल रहमान को भी इसी सेल में रखा गया था। जेल सूत्रों के मुताबिक, देर रात यहीं उसने नुकीली चीज से अब्दुल पर वार किया, जिससे उसकी मौत हो गई।

एम्स दिल्ली बना दुनिया का छठा सर्वश्रेष्ठ अस्पताल

नई दिल्ली, 9 फरवरी (एजेंसी)। भारत के हेल्थकेयर सेक्टर के लिए यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) दिल्ली को ब्रांड फाइनेंस की ग्लोबल टॉप 250 हॉस्पिटल रैंकिंग 2026 में दुनिया का छठा सर्वश्रेष्ठ अस्पताल घोषित किया गया है। इस उपलब्धि के साथ एम्स ने अमेरिका के जॉन्स हॉपकिंस मेडिसिन, ब्रिटेन के ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल्स और मायो क्लिनिक जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के बीच अपनी सशक्त पहचान दर्ज कराई है। रिपोर्ट के मुताबिक, एम्स को केयर परसेप्शन, ब्रांड वैल्यू, ब्रांड स्ट्रेंथ और वैश्विक प्रतिष्ठा जैसे पैमानों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर यह स्थान मिला है। खास बात यह रही कि एम्स का केयर स्कोर टॉप रैंक वाले अस्पताल से महज 1.1 अंक कम रहा, जो सीमित संसाधनों के बावजूद इसकी गुणवत्ता और भरोसे को दशार्ता है। विशेषज्ञों का मानना है कि एक सरकारी संस्थान का दुनिया के टॉप 10 में शामिल होना भारत की सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था की वैश्विक साख को नई ऊंचाई देता है। एम्स दिल्ली देश का प्रमुख तृतीयक स्वास्थ्य संस्थान है, जहां हर साल लाखों मरीज उपचार के लिए पहुंचते हैं। यहां अत्याधुनिक चिकित्सा सेवाएं, सुपर स्पेशियलिटी ट्रेनिंग और सैकड़ों शोध परियोजनाएं संचालित होती हैं। रैंकिंग में पहले स्थान पर जॉन्स हॉपकिंस, दूसरे पर ऑक्सफोर्ड और तीसरे पर स्टैनफोर्ड मेडिकल सेंटर रहे। छठे स्थान पर एम्स नई दिल्ली और 13वें स्थान पर टाटा मेमोरियल सेंटर, मुंबई ने जगह बनाकर भारतीय हेल्थकेयर की वैश्विक ताकत साबित की है।

यूपी में बढ़ी है प्रति व्यक्ति आयः सदन में पेश हुई प्रदेश सरकार की पहली आर्थिक समीक्षा

लखनऊ, 9 फरवरी (एजेंसी)। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने सोमवार को विधानमंडल के बजट सत्र के पहले दिन उत्तर प्रदेश की पहली आर्थिक समीक्षा सदन के पटल पर प्रस्तुत की। समीक्षा में प्रदेश की अर्थव्यवस्था, निवेश, प्रति व्यक्ति आय, राजकोषीय स्थिति और क्षेत्रीय योगदान को विस्तार से सामने रखा गया है। वित्त मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था ने बीते आठ वर्षों में विस्तार किया है। वर्ष 2016-17 में 13.30 लाख करोड़ की अर्थव्यवस्था, वर्ष 2024-25 में बढ़कर 30.25 लाख करोड़ पार कर चुकी है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में इसके ?36 लाख करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। यह वृद्धि उत्तर प्रदेश को देश की सबसे बड़ी राज्य अर्थव्यवस्थाओं में मजबूती से स्थापित करती है। इस दौरान सदन में सपा विधायकों ने जमकर हंगामा किया। वित्त मंत्री ने कहा कि एक समय निवेशकों की प्राथमिकता सूची में न रहने वाला उत्तर प्रदेश अब औद्योगिक निवेश का प्रमुख केंद्र बन चुका है। पारदर्शी नीतियों, समयबद्ध स्वीकृतियों और 'ट्रिपल एस' (सेफ्टी, स्टेबिलिटी और स्पीड) की गारंटी के चलते प्रदेश को अब तक 50 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। यह निवेश वातावरण में आए निर्णायक बदलाव को दशार्ता है। आर्थिक समीक्षा के अनुसार, राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में उत्तर प्रदेश का योगदान वर्ष 2016-17 के 8.6 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2024-25 में 9.1 प्रतिशत तक पहुंच गया है। यह वृद्धि प्रदेश की आर्थिक मजबूती और राष्ट्रीय विकास में बढ़ती भूमिका को रेखांकित करती है। समीक्षा में बताया गया कि स्वतंत्रता के बाद पहली बार उत्तर प्रदेश ने प्रति व्यक्ति आय में गिरावट के लंबे रुझान को पलटा है। वर्ष 2016 17 में 54,564 रही प्रति व्यक्ति आय (प्रति व्यक्ति निवल उत्पाद) वर्ष 2024-25 में बढ़कर 1,09,844 हो गई है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए इसके 1,20,000 रुपए तक पहुंचने का अनुमान लगाया गया है। राष्ट्रीय औसत की तुलना में भी प्रति व्यक्ति आय अनुपात में सुधार दर्ज किया गया है। 2014-15 में यह राष्ट्रीय औसत का केवल 50.2% रह गई थी, जबकि 2024-25 में गिरावट के रुख में बदलाव करते हुए प्रतिव्यक्ति अनुपात बढ़कर 53.5% हो गया।

पूर्व सेना प्रमुख की अप्रकाशित पुस्तक सोशल मीडिया पर लीक

नई दिल्ली, 9 फरवरी (एजेंसी)। पूर्व सेना प्रमुख जनरल एम.एम. नरवणे की आगामी किताब 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' के कथित रूप से सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के मामले में दिल्ली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, इस पुस्तक को अभी संबंधित प्राधिकरणों से प्रकाशन की आवश्यक अनुमति नहीं मिली है। दिल्ली पुलिस ने बताया कि विभिन्न ऑनलाइन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और न्यूज फोरम पर ऐसी जानकारी सामने आई थी कि किताब की प्री-प्रिंट कॉपी इंटरनेट पर साझा की जा रही है। इन दावों के संज्ञान में आने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। शुरूआती जांच में पाया गया कि 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' शीर्षक से टाइपसेट की गई एक पीडीएफ कॉपी कुछ वेबसाइट्स पर उपलब्ध है। यह कॉपी कथित रूप से पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा तैयार की गई प्रतीत होती है। इसके अलावा कुछ ऑनलाइन मार्केटिंग प्लेटफॉर्म पर पुस्तक का फाइनल कवर भी इस तरह प्रदर्शित किया गया है, मानो वह बिक्री के लिए उपलब्ध हो। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, यह मामला एक ऐसी पुस्तक के संभावित लीक या गोपनीयता उल्लंघन से जुड़ा है, जिसे अभी आधिकारिक मंजूरी मिलना बाकी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए स्पेशल सेल में केस दर्ज किया गया है और विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है।

ग्लोबल रेटिंग में जी20 देशों में भारत की अर्थव्यवस्था की ग्रोथ सबसे तेज

नई दिल्ली, 9 फरवरी (एजेंसी)। ग्लोबल रेटिंग एजेंसी मूडीज ने सोमवार को भारतीय इकोनॉमी को लेकर नए अनुमान जारी किए हैं। मूडीज के मुताबिक, अगले वित्त वर्ष (2026-27) में भारत की आरबीआई 6.4% की दर से बढ़ सकती है। मूडीज ने कहा कि यह रफ्तार दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं वाले जी20 देशों के ग्रुप में सबसे

ग्लोबल रेटिंग एजेंसी का अनुमान- अगले वित्त वर्ष भारत की जीडीपी 6.4% की दर से बढ़ेगी

ज्यादा होगी। एजेंसी ने इसके पीछे मजबूत घरेलू खपत, सरकार के नीतिगत फैसलों और देश के स्थिर बैंकिंग सिस्टम को मुख्य वजह बताया। मूडीज का यह अनुमान भारत सरकार और रिजर्व बैंक के अनुमान के मुकाबले थोड़ा कम है। पिछले महीने संसद में पेश हुए इकोनॉमिक सर्वे में वित्त वर्ष 2027 के लिए 6.8% से 7.4% की ग्रोथ का अनुमान बताया गया था। वहीं रिजर्व बैंक ऑफ इंडियाने भी हाल ही में अपनी मॉनेटरी पॉलिसी मीटिंग में वित्त वर्ष 2027 की पहली छमाही के लिए करीब 7% ग्रोथ की उम्मीद जताई है। मूडीज की रिपोर्ट में कहा गया है कि सितंबर 2025 में आरबीआई के नियमों में हुए बदलाव और पर्सनल इनकम टैक्स की सीमा बढ़ाए जाने से लोगों की जेब में ज्यादा पैसा बचेगा। इससे बाजार में मांग



बढ़ेगी, जिससे इकोनॉमी में ग्रोथ होगी। रेटिंग एजेंसी ने अपनी बैंकिंग सिस्टम आउटलुक रिपोर्ट में कहा है कि भारतीय बैंकों की हालत बेहतर बनी रहेगी।

एपस्टीन फाइल्स-10 देशों में इस्तीफे, 80 ताकतवर लोगों की जांच : अमेरिका से यूरोप तक असर; राजनेताओं-अरबपतियों और शाही परिवारों तक फैली जांच

न्यूयॉर्क/नई दिल्ली, 9 फरवरी (एजेंसी)। अमेरिका में यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़े सीक्रेट दस्तावेज सामने आते ही दुनिया भर में हड़कंप मच गया है। अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट ने करीब 30 लाख पेज के डॉक्यूमेंट्स 30 जनवरी को जारी किए हैं। इसके बाद 10 देशों में 15 से ज्यादा बड़े अधिकारियों को पद छोड़ना पड़ा है। 80 से ज्यादा ताकतवर लोगों पर जांच चल रही है। इन फाइलों में नेता, राजदूत, अरबपति और शाही परिवारों के नाम शामिल हैं। ईमेल, फ्लाइट लॉग और संपर्क रिकॉर्ड में 700 से 1000 असरदार लोगों का जिक्र है। कई मामलों में नाबालिग लड़कियों के यौन शोषण के आरोप भी हैं। दस्तावेजों में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन और हिलेरी क्लिंटन जैसे हाई-प्रोफाइल नाम अलग-अलग संदर्भों में सामने आए हैं। एपस्टीन खुलासे के बाद सबसे ज्यादा हड़कंप यूरोप में है। करीब 10 देशों में इस्तीफों का दौर शुरू हो गया है। सब